लोक सभा

समाचार – भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/ 29 आषाढ़, 1945 (शक)

संख्या 231

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. राष्ट्रगान

राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

पूर्वाह्न 11.01 बजे

2. शपथ

पंजाब के जालंधर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य श्री सुशील कुमार रिंकू ने पंजाबी में शपथ ली, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया।

पूर्वाह्न 11.02 बजे

3. निधन संबंधी उल्लेख

अध्यक्ष ने श्री रतन लाल कटारिया, वर्तमान लोकसभा के सदस्य तथा तेरहवीं और सोलहवीं लोक सभा के सदस्य; श्री बालूभाऊ, *उर्फ* सुरेश नारायण धानोरकर, वर्तमान लोक सभा के सदस्य; श्री प्रकाश सिंह बादल, छठी लोक सभा के सदस्य; श्री रंजीत सिंह, सातवीं लोकसभा के सदस्य; श्री सुजान सिंह बुंदेला, आठवीं और तेरहवीं लोकसभा के सदस्य; श्री संदीपन थोराट, छठी से बारहवीं लोक सभा के सदस्य; डॉ. विश्वनधम कैनिथी, नौवीं और दसवीं लोकसभा के सदस्य; श्री अतीक अहमद, चौदहवीं लोक सभा के सदस्य; श्री त्रिलोचन कानूनगो, तेरहवीं लोक सभा के सदस्य; श्री इलियास आज़मी, ग्यारहवीं और चौदहवीं लोक सभा के सदस्य; श्री अनादि चरण दास, पाँचवीं और सातवीं से दसवीं लोक सभा के सदस्य; श्री निहाल सिंह, सातवीं और आठवीं लोकसभा के सदस्य; श्री राज करण सिंह, आठवीं लोकसभा के सदस्य के निधन के संबंध में उल्लेख किया।

तत्पश्चात, सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

4. प्रश्न

चूंकि सभा निधन संबंधी उल्लेख किए जाने के बाद अपराह्न 2.00 बजे तक के लिए स्थगित हो गई थी, अतः तारांकित प्रश्नों को मौखिक उत्तर के लिए नहीं लिया जा सका। अतः आज की कार्यसूची में सम्मिलित तारांकित प्रश्न संख्या 1 से 20 को अतारांकित माना गया और उनके उत्तर अतारांकित प्रश्न संख्या 1 से 230 के उत्तरों के साथ आज के कार्यवाही-वृत्तांत में मुद्रित किए जाएंगे।

(लोक सभा पूर्वाह्न 11.11 बजे स्थगित हुई और अपराह्न *2.00 बजे पुनः समवेत हुई।)*

अपराह्न 2.00 बजे

5. सभा पटल पर रखे गए पत्र

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने संविधान के अनुच्छेद 123(2)(क) के अधीन राष्ट्रपति द्वारा 19 मई, 2023 को प्रख्यापित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) अध्यादेश, 2023 (2023 का संख्यांक 1) की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 212 की उप-धारा (4) के अधीन निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) केन्द्रीय मोटर यान (उन्नीसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 23 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 844(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) केन्द्रीय मोटर यान (बीसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 25 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 850(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) केन्द्रीय मोटर यान (इक्कीसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 30 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 858(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(चार) केन्द्रीय मोटर यान (बाईसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 2 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 863(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) केन्द्रीय मोटर यान (तेईसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 14 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 879(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(छह) केन्द्रीय मोटर यान (चौबीसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 16 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 885(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(सात) केन्द्रीय मोटर यान (पच्चीसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 19 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 888(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(आठ) केन्द्रीय मोटर यान (छब्बीसवां संशोधन) नियम, 2022 जो 26 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 901(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(नौ) केन्द्रीय मोटर यान (पहला संशोधन) नियम, 2023 जो 17 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 29(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 59 की उपधारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) :-

(एक) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (डीप फ्रीजरों के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) विनियम, 2023 जो 31 जनवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या बीईई/एसएण्डएल/डीप फ्रीजर/128/2022-23 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) का.आ.482(अ) जो 2 फरवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा डीप फ्रीजरों और डीप फ्रीजर के लेबल पर विवरण के प्रत्यक्ष प्रदर्शन को अधिसूचित किया गया है।

(तीन) का.आ.481(अ) जो 2 फरवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा डीप फ्रीजरों के लिए ऊर्जा खपत मानकों को अधिसूचित किया गया है।

(चार) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (हल्के वाणिज्यिक वातानुकूलकों के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) विनियम, 2023 जो 27 फरवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या बीईई/एसएण्डएल/एलसीएसी/ 37/2022-23 में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) का.आ.1022(अ) जो 2 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा हल्के वाणिज्यिक वातानुकूलकों के लिए ऊर्जा खपत मानकों को अधिसूचित किया गया है।

(छह) का.आ.1023(अ) जो 2 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा हल्के वाणिज्यिक वातानुकूलकों (एलसीएसी) और एलसीएसी के लेबलों पर विवरण के

प्रदर्शन को विनिर्दिष्ट किया गया है।

(सात) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (अल्ट्रा-हाई डेफिनिशन टेलीविजनों के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) विनियम, 2023 जो 3 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या बीईई/एसएण्डएल/यूएचडी/02/2022-23 में प्रकाशित हुए थे।

(आठ) का.आ.1221(अ) जो 14 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा अल्ट्रा-हाई डेफिनिशन टेलीविजनों के लिए ऊर्जा खपत मानकों को अधिसूचित किया गया है।

(नौ) का.आ.1222(अ) जो 14 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा सरकार द्वारा अधिसूचित अल्ट्रा-हाई डेफिनिशन टेलीविजनों और अल्ट्रा-हाई डेफिनिशन टेलीविजनों के लेबल पर विवरण का प्रदर्शन विनिर्दिष्ट किया गया है।

(2) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 182 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के लिए जेईआरसी (गोवा राज्य और संघ राज्यक्षेत्रों के लिए जेईआरसी के विभिन्न विनियमों का अंगीकरण) विनियम, 2021, जो 4 अगस्त, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. जेईआरसी-जेकेएल/टेक-13/2021 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय क्रय दायित्व, इसका अनुपालन और आरईसी रूपरेखा कार्यान्वयन) विनियम, 2022, जो 7 जुलाई, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. जेईआरसी-जेकेएल/आरईजी/2022/01 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के लिए सलाहकार समिति का गठन) विनियम, 2022, जो 2 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. जेईआरसी-जेकेएल/आरईजी/2022/02 में प्रकाशित हुए थे।

(चार) जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (कारबार का संचालन) विनियम, 2022, जो 2 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. जेईआरसी-जेकेएल/आरईजी/2022/03 में प्रकाशित हुए थे।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धारा 97 की उप-धारा (3) के अंतर्गत भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (संशोधन) नियम, 2023 जो 13 फरवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 94(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 29 की उप-धारा (3) के अंतर्गत अधिसूचना सं. का.आ.1296(अ) जो 20 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा यह अधिसूचित किया गया है कि प्राथमिक क्षेत्र ऋण हितलाभों का लाभ उठाने के प्रयोजनार्थ उद्यम सहायक मंच पर अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को जारी प्रमाण-पत्र उद्यम पंजीकरण प्रमाण-पत्र के समान माने जाएंगे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर तेली) की ओर से इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच वर्ष 2022-23 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कौशल किशोर) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 57 के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण (आवासन परिसंपत्तियों का प्रबंधन और निपटान) संशोधन विनियम, 2022 जो 17 फरवरी, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 753(अ) में प्रकाशित हुए थे तथा उसका एक शुद्धिपत्र (केवल हिन्दी संस्करण), जो 3 मार्च, 2023 की अधिसूचना सं. का.आ. 1045(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) दिल्ली नागरी कला आयोग अधिनियम, 1973 की धारा 26 की उप-धारा (3) के अंतर्गत दिल्ली नागरी कला आयोग (सेवा के निबंधन और शर्तें) नियम, 2023 जो 6 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 50(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 58 के अंतर्गत दिल्ली विकास प्राधिकरण (वाणिज्यिक केंद्रों के लिए एकीकृत योजनाओं हेतु आमेलन शुल्क) विनियम, 2023 जो 29 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.5(9)2019/एओ(पी)/डीडीए में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

6. वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन

श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 संबंधी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

7. वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 संबंधी संयुक्त समिति के साक्ष्य का अभिलेख

श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 संबंधी संयुक्त समिति के साक्ष्य का अभिलेख सभा पटल पर रखा।

अपराह्न 2.03 बजे

8. नियम 377 के अधीन मामले।

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा झारखंड के चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी जाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(2) श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव द्वारा ओडिशा में राष्ट्रीय जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के बारे में।

(3) श्री खगेन मुर्मु द्वारा पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में विमानपत्तन के निर्माण के बारे में।

(4) डॉ निशिकांत दुबे द्वारा खेतौरी, घटवाल-घटवार और अन्य जातियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में सम्मिलित किए जाने के बारे में।

(5) श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा झारखंड के जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में धालभूमगढ़ विमानपत्तन के निर्माण के बारे में।

(6) श्री गोपाल चिनैय्या शेट्टी द्वारा विदेशी एप्स पर प्रतिबंध लगाए जाने के बारे में।

(7) श्री रामदास सी. तडस द्वारा देश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता के बारे में।

(8) डॉ. संजय जायसवाल द्वारा बिहार में रक्सौल विमान पत्तन को प्रचालनशील किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(9) श्री मोहनभाई कल्याणजी कुंडारिया द्वारा राजकोट और मुंबई के बीच वंदे भारत रेलगाड़ी की सेवा शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) श्री अनुराग शर्मा द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र में मोटे अनाज के भंडारण, प्रसंस्करण और बिक्री से जुड़ी समस्याओं के बारे में।

(11) डॉ. सुजय राधाकृष्ण विखेपाटील द्वारा अहमदनगर, महाराष्ट्र में तेंदुआ बचाव केंद्र के मास्टर ले-आउट प्लान को स्वीकृति प्रदान करने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्री निहाल चन्द चौहान द्वारा गंगानगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र या कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा महाराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक इथेनॉल संयंत्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(14) श्री टी.एन. प्रथापन द्वारा मन्नुथी-वडक्कनचेरी में सड़क निर्माण और रखरखाव कार्य के बारे में।

(15) श्री हैबी ईडन द्वारा मणिपुर में जातीय संघर्ष और हिंसा के बारे में।

(16) श्री कोटागिरी श्रीधर द्वारा रेलवे में आंध्र प्रदेश के प्रशिक्षु पाठ्यक्रम पूरा कर चुके बैच संख्या 109 की नियुक्ति के बारे में।

(17) श्री अरविंद गणपत सावंत द्वारा फुटवियर उद्योग द्वारा नए बी.आई.एस. मानदण्डों की अनुपालना के लिए उन्हें ज्यादा समय दिए जाने की आवश्यकता तथा फुटवियर निर्माताओं की समस्याओं के समाधान के बारे में।

(18) डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा बिहार के गोपालगंज जिले में सबेया विमानपत्तन को विकास करने के लिए चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण हटाए जाने के बारे में।

(19) श्री भर्तृहरि महताब द्वारा राज्य वित्त निगमों (एस.एफ.सी.) के सुधार एवं पुनरुद्धार की आवश्यकता के बारे में।

(20) श्री कुंवर दानिश अली द्वारा उत्तर प्रदेश में वक्फ अधिनियम, 1995 के कार्यान्वयन के बारे में।

(21) श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील द्वारा सतारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.जी.वाई.) के कार्यान्वयन के बारे में।

(22) श्री के. सुब्बारायण द्वारा तिरुप्पुर होजियरी उद्योग के सामने आ रही समस्याओं के बारे में।

अपराह्न 2.05 बजे

(व्यवधान के कारण लोक सभा शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)

उत्पल कुमार सिंह
महासचिव

लोक सभा

समाचार – भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023/ 30 आषाढ़, 1945 (शक)

संख्या 232

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 21 और 22 लिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 21 और 22 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.04 बजे स्थगित हुई और मध्याह्न 12.00 बजे पुनः समवेत हुई।)

तारांकित प्रश्न संख्या 23 से 40 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

2. अतारांकित प्रश्न

अतारांकित प्रश्न संख्या 231 से 460 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी*

अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रश्न काल के सुचारु संचालन के लिए अपील की।

(लोक सभा पूर्वाह्न 11.11 बजे स्थगित हुई और अपराह्न *2.00 बजे पुनः समवेत हुई।)*

मध्याह्न 12.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक) की ओर से निम्नलिखित

---

* पूर्वाह्न 11.02 बजे। मूल हिन्दी में। विवरण के लिए उस दिन का वाद-विवाद देखें।

पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता अधिनियम, 2021 की धारा 51 के अंतर्गत नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता (प्रशिक्षण संगठनों का प्रत्यायन) नियम, 2022 जो 13 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 178(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के बीच वर्ष 2022-23 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति(हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) एडवांस्ड वेपन्स एण्ड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड, कानपुर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एडवांस्ड वेपन्स एण्ड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड, कानपुर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड, पुणे के 17.08.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड, पुणे का 17.08.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ग) (एक) यंत्र इंडिया लिमिटेड, नागपुर के 14.08.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) यंत्र इंडिया लिमिटेड, नागपुर का 14.08.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) (एक) एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी, बंगलौर के वर्ष 2019-2020 से 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी, बंगलौर के वर्ष 2019-2020 से 2021-2022 के कार्यकरण की

सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) उपर्युक्त (4) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले तीन विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) (एक) सेंटर फॉर एयर पॉवर स्टडीज, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 से 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर एयर पॉवर स्टडीज, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 से 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) उपर्युक्त (6) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले तीन विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा आयुष मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) राष्ट्रीय लोक सहयोग और बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय लोक सहयोग और बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

5. विधेयकों पर अनुमति

महासचिव ने 02 फरवरी, 2023 को सभा को दी गई पिछली सूचना के पश्चात् सत्रहवीं लोक सभा के ग्यारहवें सत्र के दौरान संसद की सभाओं द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति से अनुमति प्राप्त निम्नलिखित 5 विधेयक सभा पटल पर रखे:-

1. विनियोग विधेयक, 2023;

2. विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023;

3. जम्मू और कश्मीर विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2023;

4. जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक, 2023; और

5. वित्त विधेयक, 2023 ।

महासचिव ने संसद की सभाओं द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति से अनुमति प्राप्त प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2023 की राज्य सभा के महासचिव द्वारा विधिवत रूप से अधिप्रमाणित एक प्रति भी सभा पटल पर रखीं।

6. कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्री पी.सी. गद्दीगौदर ने कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)(17वीं लोक सभा) प्रस्तुत किए:-

(1) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (मत्स्यपालन विभाग) से संबंधित 'तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2023' संबंधी 57वां प्रतिवेदन।

(2) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग) से संबंधित 'देश में लघु और सीमांत किसानों के लिए कृषि यांत्रिकीकरण में अनुसंधान और विकास' विषय पर 58वां प्रतिवेदन।

7. रक्षा संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री जुएल ओराम ने 'अंतर-सेना संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023' पर रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 39वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

8. श्रम, वस्त्र और कौशल विकास संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्री भर्तृहरि महताब ने श्रम, वस्त्र और कौशल विकास संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय से संबंधित 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन' के बारे में समिति के 36वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 44वां प्रतिवेदन।

(2) वस्त्र मंत्रालय से संबंधित 'मानव निर्मित फाइबर का विकास' के बारे में समिति के 37वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 45वां प्रतिवेदन।

(3) श्रम और रोजगार मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में समिति के 41वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 46वां प्रतिवेदन।

(4) वस्त्र मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में समिति के 42वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई

संबंधी 47वां प्रतिवेदन।

(5) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में समिति के 43वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 48वां प्रतिवेदन।

अपराह्न 12.05 बजे

9. संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा वक्तव्य

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने 24 जुलाई, 2023 से आरंभ होने वाले सप्ताह के लिए सरकारी कार्य के बारे में वक्तव्य दिया।

10. प्राक्कलन समिति (2023-24) के लिए लोक सभा के एक सदस्य के निर्वाचन हेतु प्रस्ताव

श्री कमलेश पासवान ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:

"कि इस सभा के सदस्य, लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 311 के उप-नियम (1) के साथ पठित नियम 254 के उप-नियम (3) द्वारा अपेक्षित रीति से, श्री गिरीश भालचंद्र बापट, जिनका निधन 29 मार्च, 2023 को हो गया है, *के स्थान पर* प्राक्कलन समिति के कार्यकाल के समाप्त न हुए भाग के लिए, समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से एक सदस्य निर्वाचित करें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

11. लोक लेखा समिति (2023-24) के साथ राज्य सभा के एक सदस्य के सहयोजन हेतु प्रस्ताव

डॉ. सत्य पाल सिंह ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा, श्री सुखेंदु शेखर राय, जो 18 अगस्त, 2023 को राज्य सभा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, के स्थान पर सभा की लोक लेखा समिति के कार्यकाल के समाप्त न हुए भाग के लिए, समिति के साथ सहयोजित होने के लिए राज्य सभा से एक सदस्य को नामनिर्दिष्ट करने के लिए सहमत हो और राज्य सभा द्वारा इस प्रकार नामनिर्दिष्ट सदस्य का नाम इस सभा को सूचित करे।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

12. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति (2023-24) के लिए लोक सभा के एक सदस्य के निर्वाचन हेतु प्रस्ताव

डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:

"कि इस सभा के सदस्य, लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 331ख के उप-नियम (1) के साथ पठित नियम 254 के उप-नियम (3) द्वारा अपेक्षित रीति से, श्री रतन लाल कटारिया, जिनका निधन 18 मई, 2023 को हो गया है, *के स्थान पर* अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के

कल्याण संबंधी समिति के कार्यकाल के समाप्त न हुए भाग के लिए, समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से एक सदस्य निर्वाचित करें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

13. अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के लिए निर्वाचन हेतु प्रस्ताव

(एक) श्री राजेश वर्मा ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"कि सभा द्वारा 24.06.2019 को स्वीकृत प्रस्ताव जो क्रम सं. 7 में अंतर्विष्ट है, की मद के पैरा (3) के अनुसरण में, इस सभा के सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्यति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति की पहली बैठक की तारीख से आरंभ होने वाली एक वर्ष की अवधि के लिए समिति के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से बीस सदस्य निर्वाचित करें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(दो) श्री राजेश वर्मा ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति की पहली बैठक की तारीख से आरंभ होने वाली एक वर्ष की अवधि के लिए समिति के साथ सहयोजित होने के लिए राज्य सभा के सदस्यों में से दस सदस्य निर्वाचित करने के लिए सहमत हो और समिति के लिए इस प्रकार निर्वाचित सदस्यों के नाम इस सभा को सूचित करे।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

14. लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के बारे में प्रस्ताव

डॉ. सत्य पाल सिंह ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा, आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्यति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा श्री हरद्वार दुबे के निधन के कारण 26 जून, 2023 को उत्पन्न हुई रिक्ति और सुश्री डोला सेन की राज्य सभा से सेवानिवृत्ति के कारण 18 अगस्त, 2023 से उत्पन्न होने वाले रिक्त स्थान पर राज्य सभा के दो सदस्यों को लाभ के पदों संबंधी संयुक्त समिति के लिए निर्वाचित करे और राज्य सभा द्वारा इस संयुक्त समिति के लिए इस प्रकार नियुक्त सदस्यों के नाम इस सभा को सूचित करे।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अपराह्न 12.12 बजे

15. नियम 377 के अधीन मामले।

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्रीमती रीती पाठक द्वारा बाघ परियोजना के कार्यान्वयन के कारण सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की कुसमी तहसील के विस्थापित ग्रामीणों के मुआवजे की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(2) श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा राजस्थान में जयपुर से नाथद्वारा तक ब्रॉडगेज रेल लाइन के निर्माण के बारे में।

(3) श्रीमती रंजीता कोली द्वारा दिल्ली-मथुरा ईएमयू ट्रेन का डीग तक विस्तार किए जाने और राजस्थान में नदबई रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी सं. 12987/98 का ठहराव भी प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(4) श्री भोलानाथ (बी.पी. सरोज) द्वारा उत्तर प्रदेश के मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पुलों के निर्माण के बारे में।

(5) श्री अशोक कुमार रावत द्वारा उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन में अनियमितताओं के बारे में।

(6) श्री धर्मवीर सिंह द्वारा देश में और बांधों का निर्माण और नदियों को जोड़े जाने की आवश्यकता के बारे में।

(7) श्रीमती रमा देवी द्वारा बिहार के घोड़ासहन एवं बैरगनिया रेलवे स्टेशनों पर रेलगाड़ी संख्या 15655/15656 के ठहराव के बारे में।

(8) श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे द्वारा महाराष्ट्र के लातूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सभी पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(9) श्री भोला सिंह द्वारा केवीएस में विवाहित कामकाजी दंपत्तियों की एक ही स्टेशन/स्थान पर तैनाती के बारे में।

(10) श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा नार्थ कोयल सिंचाई परियोजना के निर्माण में तेजी लाए जाने के बारे में।

(11) डॉ. सुकान्त मजूमदार द्वारा बालुरघाट रेलवे स्टेशन के समीप खाली जमीन पर रेक प्वाइंट का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा राजस्थान में 'सुरखंड का खेड़ा फ्लैग रेलवे स्टेशन 'का 'वीरांगना हादीरानी सलूंबर रोड सुरखंड का खेड़ा रेलवे स्टेशन 'के नाम से पुनर्नामकरण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) श्री छेदी पासवान द्वारा बिहार के कैमूर जिले में स्थित अशोक के शिलालेख स्थल को विकसित किए जाने और उस स्थल को बौद्ध सर्किट से जोड़े जाने की आवश्यकता के बारे में।

(14) श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी द्वारा तेलंगाना में ग्रीनफील्ड कॉरिडोर एक्सप्रेस हाईवे के अंतर्गत मलकापुर से विजयवाड़ा तक एक नया छह लेन राजमार्ग बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(15) एडवोकेट डीन कुरियाकोस द्वारा विश्वकर्मा दिवस तथा श्री नारायण गुरु के जन्म एवं पुण्य तिथि पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(16) श्री रवनीत सिंह द्वारा विशेष रूप से पंजाब में अवैध प्रवासन के स्थाई समाधान के बारे में।

(17) श्री गौतम सिगामणि पोन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तीव्र वृद्धि के बारे में।

(18) डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन द्वारा एक-दूसरे से 60 किलोमीटर की दूरी के भीतर स्थित अतिरिक्त टोल प्लाजा को हटाए जाने और टोल टैक्स के शुल्क को युक्तिसंगत बनाए जाने के बारे में।

(19) श्री विनायक भावराव राऊत द्वारा महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में राष्ट्रीय औषधीय पादप संस्थान (एनआईएमपी) की स्थापना के बारे में।

(20) श्री पी.आर. नटराजन द्वारा कोविड-19 वैक्सीन के उत्पादन के लिए लाइसेंस प्रदान करने की नीति लाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(21) श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा आप्रवासन चेक पाइंट बना कर कोल्लम बंदरगाह के विकास के बारे में।

अपराह्न 12.13 बजे

(व्यवधान के कारण, लोक सभा सोमवार, 24 जुलाई, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)

उत्पल कुमार सिंह
महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

सोमवार, 24 जुलाई, 2023/ 2 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 233

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 41 से 45 के मौखिक उत्तर दिए गए।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.27 बजे स्थगित हुई और मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई।)

तारांकित प्रश्न संख्या 46 से 60 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

2. अतारांकित प्रश्न

अतारांकित प्रश्न संख्या 461 से 690 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3*. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी*

अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रश्न काल के सुचारु संचालन के लिए अपील की।

मध्याह्न 12.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

जनजातीय कार्य मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) संविधान के अनुच्छेद 338क के खंड (6) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली का वर्ष 2016-2017 का वार्षिक प्रतिवेदन।

---

* पूर्वाह्न 11.26 बजे। मूल हिन्दी में। विवरण के लिए उस दिन का वाद-विवाद देखें।

(दो) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2016-2017 के वार्षिक प्रतिवेदन पर की-गई-कार्रवाई ज्ञापन।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 के अंतर्गत जारी निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का. आ. 1800(अ) जो 21 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 3 जनवरी, 2022 की अधिसूचना सं. का.आ.38(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(दो) का. आ. 2903(अ) जो 3 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 6 जनवरी, 2011 की अधिसूचना सं. का.आ.19(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(तीन) का. आ. 1832(अ) जो 21 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 14 सितम्बर, 2006 की अधिसूचना सं. का.आ.1533(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(चार) का. आ. 2226(अ) जो 18 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 14 सितम्बर, 2006 की अधिसूचना सं. का.आ.1533(अ) में कतिपय संशोधन

किए गए हैं।

(2) राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 35 की उप-धारा (3) के अंतर्गत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (प्रथाएं और प्रक्रिया) संशोधन नियम, 2023 जो 24 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 215(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 26 के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2023 जो 27 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 318(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) (एक) भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) उपर्युक्त (4) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 की धारा 48 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति ((हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि.472(अ) जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 16 मई, 2023 से विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता संव्यवहार) नियम, 2000 में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(दो) विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता संव्यवहार) (संशोधन) नियम, 2023 जो 16 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में सा.का.नि. 369(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(2) सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8(क) की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि.469(अ) जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के लिए मानक टैरिफ को 5% से बढ़ाकर 15% करना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि.473(अ) जो 1 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची में तरलीकृत प्रोपेन और तरलीकृत ब्यूटेन के लिए मानक टैरिफ को बढ़ाना है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(3) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि.470(अ) जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा

जिनके द्वारा 30 जून, 2017 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 785(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि.471(अ) जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 1 फरवरी, 2021 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 69(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि.474(अ) जो 1 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 30 जून, 2017 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 785(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि.475(अ) जो 1 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 1 फरवरी, 2021 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 69(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि.254(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 की अग्रिम प्राधिकृति योजना को प्रभावशील किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। यह अधिसूचना निर्यात दायित्व और अन्य शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन सामग्रियों के आयात पर सीमा शुल्क प्रभारों में अग्रिम प्राधिकृति से छूट देती है।

(छह) सा.का.नि.255(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 के मानित निर्यातों के लिए अग्रिम प्राधिकृति योजना को प्रभावशील किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। यह अधिसूचना, कतिपय शर्तों के अध्यधीन, घरेलू विनिर्माताओं की विनिर्दिष्ट श्रेणियों को आपूर्ति के लिए अंतिम वस्तुओं के निर्माण के लिए आयातित सामग्रियों पर सीमाशुल्क प्रभारों में ऐसी प्राधिकृति से छूट देती है।

(सात) सा.का.नि.256(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 की वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकृति योजना को प्रभावशील किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। यह अधिसूचना निर्यात दायित्व और अन्य शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन किसी उत्पाद समूह के लिए सामग्रियों के आयात पर सीमाशुल्क प्रभारों में ऐसी प्राधिकृति से छूट देती है।

(आठ) सा.का.नि.257(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा अग्रिम प्राधिकृति योजना के अंतर्गत निर्यात के लिए अन्यथा प्रतिषिद्ध किसी मद के निर्यात के संबंध में विदेश व्यापार नीति, 2023 में उपबंध को प्रभावशील किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। यह अधिसूचना विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन, भारत में आयातित सामग्रियों के आयात पर सीमाशुल्क प्रभारों में ऐसी प्राधिकृति से छूट देती है।

(नौ) सा.का.नि.258(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 में शुल्क मुक्त आयात प्राधिकृति (डीएफआईए) योजना को प्रभावशील करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। ऐसी प्राधिकृति निर्यात किए जाने के पश्चात् प्रदान की जाती हैं। यह अधिसूचना कतिपय शर्तों के अध्यधीन डीएफआईए से आयातित सामग्रियों पर आधारभूत सीमाशुल्क प्रभारों

में छूट देती है।

(दस) सा.का.नि.259(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 में निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल (ईपीसीजी) योजना को प्रभावशील करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। यह अधिसूचना निर्यात दायित्व और अन्य शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन शून्य सीमाशुल्क पर पूंजीगत माल के आयात की अनुमति देती है।

(ग्यारह) सा.का.नि.260(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 की विशेष अग्रिम प्राधिकृति योजना को प्रभावशील किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। यह अधिसूचना निर्यात दायित्व और अन्य शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन फैब्रिक के आयात पर विशेष अग्रिम प्राधिकृति से छूट देती है।

(बारह) सा.का.नि.261(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 के पैराग्राफ 4.01(घ) के अनुसार निर्यातित वस्तुओं पर शुल्कों और करों में छूट के लिए योजना (आरओडीटीईपी) और ड्यूटी क्रेडिट के निर्गम को अभिशासित करने वाली शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन निर्यातित वस्तुओं के लिए ड्यूटी क्रेडिट के निर्गम की रीति को अधिसूचित किया गया है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेरह) सा.का.नि. 262(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 के अंतर्गत भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय की दिनांक 13 अगस्त, 2021 की अधिसूचना सं. 12015/11/2020-टीटीपी के अनुसार राज्य और केंद्रीय करों और उद्ग्रहणों की छूट के लिए योजना तथा ड्यूटी क्रेडिट के निर्गम को अभिशासित करने वाली शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन निर्यातित वस्तुओं के लिए ड्यूटी क्रेडिट के निर्गम की रीति को अधिसूचित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौदह) सा.का.नि.316(अ) जो 26 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा उनमें उल्लिखित तेरह अधिसूचनाओं में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पंद्रह) सा.का.नि.251(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 31.03.2021 की अधिसूचना सं. 25/2021-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सोलह) सा.का.नि.252(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 30.04.2022 की अधिसूचना सं. 22-2022-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सत्रह) सा.का.नि.277(अ) जो 10 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 31.10.2022 की अधिसूचना सं. 55/2022-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(अठारह) सा.का.नि.309(अ) जो 20 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 31.10.2022 की अधिसूचना सं. 55/2022-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(उन्नीस) सा.का.नि.319(अ) जो 27 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 01.01.2022 की अधिसूचना सं. 11/2022-सीमा शुल्क और 12/2022-सीमा शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बीस) सा.का.नि.331(अ) जो 1 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा उनमें उल्लिखित तीन अधिसूचनाओं में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(इक्कीस) सा.का.नि.332(अ) जो 1 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 30 जून, 2017 की अधिसूचना सं. 50/2017-सीमा शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं और जिनमें दिनांक 16 मई, 2023 की अधिसूचना सं. सा.का.नि.368(अ) में प्रकाशित उसका शुद्धिपत्र शामिल है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बाईस) सा.का.नि.333(अ) जो 1 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा उनमें उल्लिखित सत्रह अधिसूचनाओं में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेईस) सा.का.नि.356(अ) जो 10 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय कच्चा सोयाबीन तेल (एचएस150710 10 00) और कच्चा सूरजमुखी तेल (एचएस1512 11 10) के आयात की अनुमति देना है तथा वित्त वर्ष 2022-23 के लिए (डीजीएफआई द्वारा पुन: विधिमान्यकृत) 30 जून, 2023 तक टीआरक्यू लाइसेंसधारकों के लिए शून्य आधारभूत सीमाशुल्क और शून्य कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (जो कि शून्य अंत:उद्धरण टैरिफ दर है) में छूट देना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौबीस) सा.का.नि.383(अ) जो 23 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 की अधिसूचना सं. 62/2022-सीमाशुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पच्चीस) सा.का.नि.439(अ) जो 14 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 13 अक्तूबर, 2021 की अधिसूचना सं. 48/2021-सीमा शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छब्बीस) सा.का.नि.263(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा उनमें उल्लिखित आठ अधिसूचनाओं में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सत्ताईस) सा.का.नि.265(अ) जो 3 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 21 जुलाई, 2015 की अधिसूचना सं. 40/2015-सीमा शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(4) केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की

एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 245(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटीआर-4 गैर-दायरकर्ताओं को क्षमादान देना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि. 246(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय पंजीकरण के निरस्तीकरण के प्रतिसंहरण के लिए आवेदन की समय-सीमा को बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) केंद्रीय माल और सेवा कर (संशोधन) नियम, 2023 जो 31 मार्च, 2023 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 247(अ) में प्रकाशित हुए थे, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि. 248(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 26.12.2022 की अधिसूचना सं. 27/2022 में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि. 249(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 62 के अंतर्गत जारी कर निर्धारण आदेशों की मानित वापसी के लिए क्षमादान योजना प्रदान करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा.का.नि. 250(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय जीएसटीआर-9 के लिए विलंब शुल्क को तर्कसंगत करना और जीएसटीआर-9 गैर-दायरकर्ताओं को क्षमादान देना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) का.आ.1563(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसका आशय जीएसटीआर-10 गैर-दायरकर्ताओं को क्षमादान देना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) का.आ.1564(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसका आशय सीजीएसटी अधिनियम की धारा 168क के अंतर्गत सीमा को विस्तारित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) सा.का.नि. 355(अ) जो 10 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय 1 अगस्त, 2023 से पांच करोड़ रुपए से अधिक सकल टर्नओवर वाले करदाताओं के लिए ई-बीजकीकरण को कार्यान्वित करना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दस) सा.का.नि. 384(अ) जो 24 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मणिपुर राज्य में व्यवसाय के प्रमुख स्थान वाले पंजीकृत व्यक्तियों के लिए अप्रैल, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-1 दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(ग्यारह) सा.का.नि. 385(अ) जो 24 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मणिपुर राज्य में व्यवसाय के प्रमुख स्थान वाले पंजीकृत व्यक्तियों के लिए अप्रैल, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-3ख दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(बारह) सा.का.नि. 386(अ) जो 24 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मणिपुर राज्य में व्यवसाय के प्रमुख स्थान वाले पंजीकृत व्यक्तियों के लिए अप्रैल, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-7 दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तेरह) सा.का.नि. 448(अ) जो 19 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मणिपुर राज्य में व्यवसाय के प्रमुख स्थान वाले पंजीकृत व्यक्तियों के लिए अप्रैल और मई, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-1 दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चौदह) सा.का.नि. 449(अ) जो 19 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मणिपुर राज्य में व्यवसाय के प्रमुख स्थान वाले पंजीकृत व्यक्तियों के लिए अप्रैल और मई, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-3ख दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पंद्रह) सा.का.नि. 450(अ) जो 19 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय मणिपुर राज्य में व्यवसाय के प्रमुख स्थान वाले पंजीकृत व्यक्तियों के लिए अप्रैल और मई, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-7 दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सोलह) सा.का.नि. 460(अ) जो 27 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय गुजरात राज्य में कच्छ, जामनगर, मोरबी, पाटन और बनासकंठा जिलों में पंजीकृत व्यक्तियों के लिए मई, 2023 हेतु प्ररूप जीएसटीआर-3ख दायर करने के लिए निर्धारित तिथि को 30 जून, 2023 तक आगे बढ़ाना है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सत्रह) सा.का.नि. 348(अ) जो 9 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा

जिनके द्वारा 28 जून, 2017 की अधिसूचना सं. 11/2017-केंद्रीय कर (दर) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(5) सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9क की उप-धारा (7) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 276(अ) जो 6 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय चीन जनवादी गणराज्य से उद्भूत अथवा वहां से निर्यातित मछली पकड़ने के जाल के आयातों पर प्रतिपाटन शुल्क के उद्ग्रहण को 9 सितम्बर, 2023 तक, जिसमें यह तारीख भी सम्मिलित है, विस्तारित करना है।

(दो) सा.का.नि. 279(अ) जो 10 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय डीजीटीआर द्वारा जारी अंतिम निष्कर्षों के अनुसरण में चीन जनवादी गणराज्य और कोरिया जनवादी गणराज्य से उद्भूत अथवा वहां से निर्यातित ''यूर्सोडीओऑक्सीकोलिक एसिड'' के आयातों पर निश्चयात्मक प्रतिपाटन शुल्क लगाना है।

(तीन) सा.का.नि. 308(अ) जो 19 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय चीन जनवादी गणराज्य, ताइवान और वियतनाम से उद्भूत अथवा वहां से निर्यातित ''विनाईल टाइल्स, रोल या सीट फॉर्म के अलावा'' के आयात पर प्रतिपाटन शुल्क का उद्ग्रहण करना है।

(चार) सा.का.नि. 416(अ) जो 9 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 20 दिसम्बर, 2022 की अधिसूचना सं. 31/2022-सीमा शुल्क (एडीडी) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा.का.नि. 344(अ) जो 4 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनका आशय इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से उद्भूत अथवा वहां से निर्यातित कार्बन श्रृंखला लंबाई सी10 से सी18 के संतृप्त वसीय अल्कोहल और उनके मिश्रणों के आयात पर प्रतिकारी शुल्क लगाना है।

(छह) सा.का.नि. 241(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 30 जून, 2017 की अधिसूचना सं. 11/2017-केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(6) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सा.का.नि. 303 (अ) जो 18 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा

जिनके द्वारा पेट्रोलियम क्रूड के उत्पादन और विमानन टर्बाइन ईंधन के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क बढ़ाने के लिए 19 जुलाई, 2022 की अधिसूचना संख्या 18/2022-के.उ.शु. में कतिपय संशोधन किये गये हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) सा.का.नि. 304 (अ) जो 18 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा जिनके द्वारा डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को कम करने के लिए 30 जून, 2022 की अधिसूचना संख्या 04/2022- के.उ.शु. में कतिपय संशोधन किये गये हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(तीन) सा.का.नि. 336 (अ) जो 1 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा जिनके द्वारा पेट्रोलियम क्रूड के उत्पादन और विमानन टर्बाइन ईंधन के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को कम करने के लिए दिनांक 19 जुलाई, 2022 की अधिसूचना संख्या 18/2022- के.उ.शु. में कतिपय संशोधन किये गये है, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा.का.नि. 366 (अ) जो 15 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे, तथा जिनके द्वारा पेट्रोलियम क्रूड के उत्पादन और विमानन टर्बाइन ईंधन के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को कम करने के लिए 19 जुलाई, 2022 की अधिसूचना संख्या 18/2022- के.उ.शु. में कतिपय संशोधन किये गये हैं, तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(नौ) का.आ. 2826(अ) जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस) 2022 की अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय 96 के सीटीएच 9613 के अंतर्गत शामिल सिगरेट लाइटरों की आयात नीति शर्त में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(दस) का.आ. 2901(अ) जो 3 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस) 2022, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय 07 के आईटीसी (एचएस) कोड 07019000 के अंतर्गत मदों के लिए आयात नीति शर्त में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(ग्यारह) का.आ. 2902(अ) जो 3 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस) 2022, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय 08 के आईटीसी (एचएस) 08028010 के अंतर्गत आयात नीति शर्त में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(बारह) का.आ. 1390(अ) जो 22 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा निर्यात और आयात के वर्गीकरण अनुसूची-2 (निर्यात नीति) आईटीसी (एचएस) के अध्याय 27 के अंतर्गत जैव-ईंधनों की निर्यात नीति में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(तेरह) का.आ. 1587(अ) जो 1 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति की अनुसूची-2 के अध्याय 27 के एचएस कोड 27101241, 27101242, 27101243, 27101244, 27101249, 27101941, 27101944 और 27101949 के अंतर्गत मदों की निर्यात नीति में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(चौदह) का.आ. 1677(अ) जो 6 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के सुसंगतीकरण को अधिसूचित किया गया है।

(पंद्रह) का.आ. 2242(अ) जो 22 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा कफ सीरपों की निर्यात नीति में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(सोलह) का.आ. 2273(अ) जो 24 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा एचएस कोड 10064000 के अंतर्गत टूटे चावल की निर्यात नीति में संशोधन को

अधिसूचित किया गया है।

(सत्रह) का.आ. 2769(अ) जो 26 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति, 2018 की अनुसूची-2 के अध्याय 10, क्रम सं. 55 और 57 की नीति शर्त में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

(अठारह) का.आ. 2755(अ) जो 23 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा एचएस कोड 2610 की निर्यात नीति में संशोधन को अधिसूचित किया गया है।

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) जूट पैकेज सामग्री (वस्तु पैकिंग अनिवार्य प्रयोग) अधिनियम, 1987 की धारा 3 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 1532(अ) जो 31 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा यह निदेश दिया गया है कि अधिसूचना के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट वस्तुओं, राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन से 30 जून, 2023 तक ऐसे प्रतिशत में, जैसा कि अधिसूचना के स्तंभ (3) में विनिर्दिष्ट किया गया है, प्रदाय अथवा वितरण के लिए जूट पैकिंग सामग्री में पैक की जाएंगी।

(दो) का.आ. 2726(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 31 मार्च, 2023 की अधिसूचना सं.का.आ.1532(अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कानपुर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कानपुर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) राष्ट्रीय जूट विनिर्माता निगम लिमिटेड, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय जूट विनिर्माता निगम लिमिटेड, कोलकाता का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री देवुसिंह चौहान) ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय अधिकरण (अधिकारी) भर्ती नियम, 2023 जो 19 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.305(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

6. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त इस संदेश की सूचना दी कि राज्य सभा ने 25 जुलाई, 2023 को हुई अपनी बैठक में लोक सभा द्वारा यथापारित संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 को संशोधनों के साथ पारित किया और विधेयक को इस अनुरोध के साथ लौटा दिया कि संशोधनों पर लोक सभा की सहमति के बारे में राज्य सभा को सूचित किया जाए।

7. राज्य सभा द्वारा यथासंशोधित विधेयक - सभा पटल पर रखा गया

संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022

अपराह्न 12.03 बजे

8. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(1) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिए:-

(एक) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति के 126वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी स्थायी समिति के 127वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(तीन) जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 367वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(चार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 361वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 369वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(पांच) जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024)

के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 374वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(छह) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 375वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री; कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव) ने रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में रेल संबंधी स्थायी समिति के 14वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य दिया।

(3) वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश) ने वस्त्र मंत्रालय से संबंधित 'मानव निर्मित फाइबर का विकास' के बारे में श्रम, वस्त्र और कौशल विकास संबंधी स्थायी समिति के 37वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य दिया।

(4) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम प्रकाश) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिए:-

(एक) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबंधित 'भारत में ई-वाणिज्य का संवर्धन और विनियमन' के बारे में वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति के 172वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23)(मांग संख्या 11) के बारे में वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति के 168वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 175वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

अपराह्न 12.08 बजे

9*. मंत्रिपरिषद में अविश्वास का प्रस्ताव

अध्यक्ष ने सभा को सूचित किया कि उन्हें श्री गौरव गोगोई से मंत्रिपरिषद में अविश्वास के प्रस्ताव की एक सूचना प्राप्त हुई है।

इसके पश्चात श्री गौरव गोगोई ने मंत्रिपरिषद में अविश्वास का प्रस्ताव पेश करने के लिए सभा की अनुमति मांगी।

अध्यक्ष ने उन सदस्यों से अपने स्थान पर खड़े होने को कहा जो अनुमति प्रदान किए जाने के पक्ष में थे। चूंकि पचास से अन्यून सदस्य खड़े हुए थे, अत: अनुमति प्रदान की गई।

---

* मूल हिन्दी में। विवरण के लिए उस दिन का वाद-विवाद देखें।

अध्यक्ष ने घोषणा की कि वह दलों के नेताओं से परामर्श करने के पश्चात सभा में प्रस्ताव पर चर्चा के लिए समय निर्धारित करेंगे।

अपराह्न 12.09 बजे

10. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

(एक) जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण विधेयक (संशोधन), 2023 ।

श्री मनीश तिवारी ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

(दो) जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 ।

(तीन) जम्मू–कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 ।

श्री हसनैन मसूदी ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

(चार) संविधान (जम्मू–कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक, 2023 ।

(पांच) संविधान (जम्मू–कश्मी।र) अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) विधेयक, 2023 ।

(छह) खान और खनिज संशोधन विधेयक (विकास और विनियमन), 2023 ।

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा।

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री; तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) ने सदस्य द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणों का उत्तर दिया।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा अपराह्न 12.17 बजे स्थगित हुई और अपराह्न 02.00 बजे पुन: समवेत हुई।)

अपराह्न 02.00 बजे

11. नियम 377 के अधीन मामले।

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) डॉ. कृष्ण पाल सिंह यादव द्वारा सेना में अहीर रेजिमेंट स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(2) श्री मुकेश राजपूत द्वारा फर्रुखाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गंगा नदी पर पांचाल घाट और ढ़ाई घाट पर बांध का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(3) श्री गुमान सिंह दामोर द्वारा झाबुआ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(4) श्री तपन कुमार गोगोई द्वारा जोरहाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रेलवे समपार या अंडरपास बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(5) श्री जुगल किशोर शर्मा द्वारा जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सीमावर्ती क्षेत्रों के किसानों को मुआवजा प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(6) श्रीमती रमा देवी द्वारा पिछड़े वर्गों की केन्द्रीय सूची में 'कमलापुरी वैश्य' जाति को शामिल किए जाने

की आवश्यकता के बारे में।

(7) श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा साहूकारों द्वारा लोगों के उत्पीड़न पर रोक लगाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(8) श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा बिहार के औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बारे में।

(9) श्रीमती केशरी देवी पटेल द्वारा भारतीय पोशाक पहनने की अनुमति न देने वाले क्लबों और होटलों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) श्री चुन्नी लाल साहू द्वारा छत्तीसगढ़ में फसल बीमा योजना के लिए पोर्टल शुरू किए जाने के बारे में।

(11) श्री अशोक कुमार रावत द्वारा 'रामायण सर्किट 'के अंतर्गत हत्याहरण धार्मिक स्थल को शामिल किये जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) श्री रवि किशन शुक्ला द्वारा गोरखपुर और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत रेल सेवा शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनाधिकृत विज्ञापन होर्डिंग्स हटाए जाने के बारे में।

(14) श्री राहुल कस्वां द्वारा रींगस और खाटू श्याम जी - सालासर-सुजानगढ़ खंड के बीच नई रेल लाइन का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(15) श्री हैबी ईडन द्वारा केरल के एरनाकुलम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) में 13 पंचायतों को शामिल किए जाने के बारे में।

(16) श्री ए. गणेशमूर्ति द्वारा इरोड (इंगुर) - पलनी नई बीजी लाइन के लिए टोही इंजीनियरिंग-सह-यातायात सर्वेक्षण के बारे में।

(17) श्रीमती अपरूपा पोद्दार द्वारा बाढ़ प्रभावित आरामबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वित्तीय राहत पैकेज प्रदान किए जाने के बारे में।

(18) श्री मद्दीला गुरूमूर्ति द्वारा मन्नावरम जोन का सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए उपयोग की व्यवहार्यता की पहचान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(19) श्री गजानन चन्द्रकांत कीर्तिकर द्वारा नीली क्रांति योजना के अंतर्गत निधियां स्वीकृत किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(20) श्री सुनील कुमार द्वारा राष्ट्रपति भवन और विक्टोरिया मेमोरियल में रखे गए क्रमशः रामपुरवा बैल और शेर की मूर्ति को बिहार के रामपुरवा में वापस लाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(21) श्री महेश साहू द्वारा ओडिशा में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों के सीएसआर क्रियाकलापों के बारे में।

(22) श्री गिरीश चन्द्र द्वारा अनुसूचित जातियों पर अत्याचार करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(23) श्री के. नवासखनी द्वारा रामनाथपुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नारियल उत्पादों के संरक्षण के लिए उन्नत कैनिंग फैक्ट्री हेतु एक संयंत्र तथा सब्जियों और मिर्च के लिए परिरक्षण सुविधा वाले गोदाम की स्थापना किए जाने के बारे में।

(24) श्री जयदेव गल्ला द्वारा मान्यता प्राप्त प्रेस संवाददाताओं के लिए रेलवे रियायत और अन्य सुविधाएं बहाल किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 02.01 बजे

12. सरकारी विधेयक - पारित

वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023, संयुक्त समिति द्वारा यथाप्रतिवेदित।

आवंटित समय: 3 घंटे

लिया गया समय: 38 मिनट

श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा विधेयक पर विचार किए जाने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. सुश्री दिया कुमारी
2. श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर
3. श्री राजू बिष्ट
4. सुश्री भावना गवली (पाटील)

श्री भूपेन्द्र यादव ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक खंड-वार विचार के लिए लिया गया।

खंड 2 स्वीकृत हुआ।

खंड 3 स्वीकृत हुआ।

खंड 4 स्वीकृत हुआ।

खंड 5 और 6 स्वीकृत हुए।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

अपराह्न 02.39 बजे

(व्यवधान के कारण, लोक सभा गुरुवार, 27 जुलाई, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

उत्पल कुमार सिंह

महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

गुरुवार, 27 जुलाई, 2023/ 5 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 236

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 101 का मौखिक उत्तर दिया गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.07 बजे स्थगित हुई और मध्याह्न 2.00 बजे पुन: समवेत हुई।) ।

तारांकित प्रश्न संख्या 102 से 120 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

2. **अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1151 से 1380 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3*. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी

अध्यक्ष ने सदस्यों से इस सदन द्वारा स्थापित उच्च मानकों को बनाए रखने और इसकी गरिमा कायम रखने तथा सभा के सुचारु संचालन के लिए अपील की।

---

* पूर्वाह्न 11.04 बजे। मूल हिन्दी में। विवरण के लिए कृपया उस दिन का वाद-विवाद देखें।

अपराहन 2.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. सिंह) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे-

(1) दामोदर घाटी निगम अधिनियम, 1948 की धारा 59 की उप-धारा (1) के अंतर्गत जारी दामोदर घाटी निगम (निगम के अध्यक्ष, सदस्यों और सदस्य-सचिव का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें) (संशोधन) नियम, 2023, जो 12 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 433(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी

संस्करण)।

(2) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 179 के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) विद्युत (हरित ऊर्जा खुली पहुँच द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा का संप्रवर्तन करना) (दूसरा संशोधन) नियम, 2023 जो 23 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 381(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) संशोधन नियम, 2023 जो 14 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 437(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) विद्युत (संशोधन) नियम, 2023 जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 466(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(चार) राष्ट्रीय विद्युत योजना अधिसूचना (संशोधन) नियम, 2023 जो 30 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 467(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(पांच) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली से कनेक्टिविटी और सामान्य नेटवर्क पहुँच) (पहला संशोधन) विनियम, 2023 जो 6 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एल-1/261/2021/सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

(छह) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (भारतीय विद्युत ग्रिड संहिता) विनियम, 2023 जो 11 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एल-1/265/2022/सीईआरसी में प्रकाशित हुए थे।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का

वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा श्रम और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर तेली) ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड अधिनियम, 2006 की धारा 62 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:-

(1) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पेट्रोलियम संस्थापनों के लिए सुरक्षा मानकों सहित तकनीकी मानक और विनिर्देश) संशोधन विनियम, 2023 जो 29 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. फा. सं. पीएनजीआरबी/टैक/7-टी4एसपीआई/(1)/2022(पी-4116) में प्रकाशित हुए थे।

(2) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (शहरी या स्थानीय प्राकृतिक गैस वितरण नेटवर्क बिछाने, निर्माण, प्रचालन या विस्तार हेतु संस्थाओं को प्राधिकृत करना) संशोधन विनियम, 2023 जो 29 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. फा. सं. पीएनजीआरबी/प्राधि/1-सीजीडी(08)/2020(पी-894) में प्रकाशित हुए थे।

(3) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (प्राकृतिक गैस पाइपलाइन टैरिफ का अवधारण) संशोधन विनियम, 2023 जो 28 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. पीएनजीआरबी/कॉम/10-एनजीपीएल टैरिफ (11)/2022(पी-4142) में प्रकाशित हुए थे।

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल**)** ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कौशल किशोर) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के बीच वर्ष 2021-2022 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) मेट्रो रेल (प्रचालन और अनुरक्षण) अधिनियम, 2002 की धारा 102 के अंतर्गत मेट्रो रेल (कैरिज और टिकट) संशोधन नियम, 2023, जो 29 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 395(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 58 के अंतर्गत दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (अप्राधिकृत कॉलोनियों में निवासियों के संपत्ति अधिकारों को मान्यता) (संशोधन) विनियम, 2023, जो 15 मई, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. फा.सं. एलएम/पीएम/0003/2021/उदय/एलजीएल/157 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उसका एक शुद्धिपत्र (केवल अंग्रेजी संस्करण में) जो 24 मई, 2023 की अधिसूचना सं. फा.सं. एलएम/पीएम/0003/2021/उदय/एलजीएल में प्रकाशित हुआ था।

5. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त इस संदेश की सूचना दी कि राज्य सभा ने 26 जुलाई, 2023 को हुई अपनी बैठक में, संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन)

विधेयक, 2022, लोक सभा द्वारा यथापारित, को संशोधनों के साथ पारित किया और विधेयक को इस अनुरोध के साथ लौटा दिया कि संशोधनों पर लोक सभा की सहमति के बारे में राज्य सभा को सूचित किया जाए।

6. **राज्य सभा द्वारा यथासंशोधित विधेयक - सभा पटल पर रखा गया**

संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022

7. सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के प्रतिवेदन

श्री राजेन्द्र अग्रवाल ने सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग) से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा' के बारे में 83वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(2) 'रेल मंत्रालय से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा' के बारे में 84वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(3) 'विधि और न्याय मंत्रालय (विधायी विभाग) से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा' के बारे में 85वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(4) 'सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा' के बारे में 86वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(5) 'आश्वासनों को छोड़े जाने हेतु अनुरोध (स्वीकृत)' के बारे में 87वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(6) 'आश्वासनों को छोड़े जाने हेतु अनुरोध (अस्वीकृत)' के बारे में 88वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(7) 'आश्वासनों को छोड़े जाने हेतु अनुरोध (स्वीकृत)' के बारे में 89वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(8) 'आश्वासनों को छोड़े जाने हेतु अनुरोध (अस्वीकृत)' के बारे में 90वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

---

8. वित्त संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्री जयंत सिन्हा **ने** वित्त संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवाएं विभाग), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के 'साइबर सुरक्षा और साइबर/व्हाइट कॉलर अपराधों की बढ़ती घटना' विषय के बारे में 59वां प्रतिवेदन।

(2) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के 'बिग-टेक कंपनियों द्वारा प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार' विषय के बारे में 53वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 60वां प्रतिवेदन।

(3) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य, व्यय, वित्तीय सेवाएं, निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा लोक उद्यम विभाग) की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 54वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 61वां प्रतिवेदन।

(4) वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 55वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 62वां प्रतिवेदन।

(5) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 56वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 63वां प्रतिवेदन।

(6) योजना मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 57वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 64वां प्रतिवेदन।

(7) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 58वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 65वां प्रतिवेदन।

---

9. ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा ने ग्रामीण विकास और पंचायती राज संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना संबंधी 32वां प्रतिवेदन।

(2) ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 29वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 33वां प्रतिवेदन।

(3) भूमि संसाधन विभाग (ग्रामीण विकास मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 30वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 34वां प्रतिवेदन।

(4) पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में 31वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 35वां प्रतिवेदन।

---

10. सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्रीमती रमा देवी ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय से संबंधित 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम (एनएमडीएफसी) के कार्यकरण की समीक्षा' के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (सत्रहवीं लोक सभा) के 35वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 48वां प्रतिवेदन।

(2) दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) से संबंधित 'विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए स्थापित राष्ट्रीय संस्थानों के कार्यकरण की समीक्षा' के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (सत्रहवीं लोक सभा) के 42वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट समिति की

टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 49वां प्रतिवेदन।

(3) दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) की 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में समिति के 45वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट समिति की टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 50वां प्रतिवेदन।

अपराह्न 02.04 बजे

11. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(1) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. सिंह) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिए:-

(1) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के 301वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) नागर विमानन मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के 314वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(3) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के 317वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2)* विदेश मंत्री ने भारत की विदेश नीति में नवीनतम घटनाक्रम पर वक्तव्य दिया।

अपराह्न 02.05 बजे

12. सरकारी विधेयक – पुरःस्थापित

* अपराह्न 2.10 बजे ।

अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023.

श्री रितेश पाण्डेय ने विधेयक के पुरःस्थापन का विरोध किया और और मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा। संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री; और खान मंत्री (श्री प्रह्लाद जोशी) ने सदस्य द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरणों का उत्तर दिया।

तत्पश्चात, प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पुरःस्थापित किया गया।

अपराहन 02.09 बजे

13. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

(1) श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा झारखंड के लातेहार जिले में एक केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(2) श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रामनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309 पर पुल के निर्माण में तेजी लाए जाने के बारे में।

(3) डॉ. हिना विजयकुमार गावीत द्वारा खानदेश एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(4) श्री संजय सेठ द्वारा झारखंड में स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना की सीबीआई जांच कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(5) डॉ. ढाल सिंह बिसेन द्वारा भू-स्वामियों की अनुमति के बिना विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निजी भूमि पर बिजली के खंबे और ट्रांसफार्मर स्थापित किये जाने के

बारे में।

(6) डॉ. संघमित्रा मौर्य द्वारा उत्तर प्रदेश में मेंथा उद्योग की शिकायतों का निवारण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(7) श्री अरुण कुमार सागर द्वारा शाहजहाँपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 के निर्माण में कथित अनियमितताओं के बारे में।

(8) श्री विजय बघेल द्वारा मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 49 का लोप किए जाने के बारे में।

(9) श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव द्वारा बोलंगीर, ओडिशा में खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(10) श्री रोड़मल नागर द्वारा मध्य प्रदेश में मक्सी-रुठियाई रेल लाइन का दोहरीकरण किए जाने के बारे में।

(11) श्री विनोद कुमार सोनकर द्वारा दिशा बैठकों के दौरान विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में लापरवाही या अनियमितता के दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए संसद सदस्यों को शक्ति प्रत्यायोजित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(12) डॉ. सुकान्त मजूमदार द्वारा बालूरघाट में चेक डैम का निर्माण पूरा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(13) श्री भोला सिंह द्वारा एक राष्ट्र-एक मतदाता पहचान पत्र के बारे में।

(14) श्री अशोक महादेवराव नेते द्वारा महाराष्ट्र के गड़चिरौली-चिमुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भारी बारिश के कारण प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजा प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(15) श्री जगदम्बिका पाल द्वारा गोरखपुर से श्रावस्ती तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 को चार लेन का बनाए जाने के बारे में।

(16) श्री गौरव गोगोई द्वारा असम में संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किए जाने के बारे में।

(17) श्री टी.एन.प्रथापन द्वारा केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-66 (रामनट्टुकरा - एडप्पल्ली) पर छोटे वाहन के लिए भूमिगत अंडरपास, सर्विस रोड और फुटब्रिज प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(18) श्री के.मुरलीधरन द्वारा कन्नूर और कालीकट विमानपत्तनों से उड़ान सेवाओं को बढ़ाए जाने और कन्नूर विमानपत्तन को प्वाइंट ऑफ कॉल लिस्ट में शामिल किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(19) श्री एस. रामलिंगम द्वारा विधान सभा द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की अनुमति के लिए समय सीमा निर्धारित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(20) श्रीमती प्रतिमा मण्डल द्वारा दक्षिण बारासात रेलवे स्टेशन पीडब्ल्यूडी रोड से ध्रुबचंद हलधर कॉलेज तक की सड़क को रेलवे मेंटेनेंस मैप के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने और सड़क के पुनर्निर्माण के लिए निधि भी जारी किए जाने की आवश्यकता।

(21) डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ट्रॉमा केयर सेंटर की स्थापना किए जाने के बारे में।

(22) श्री प्रतापराव जाधव द्वारा महाराष्ट्र के बुलढाणा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में खामगांव और जालना के बीच रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(23) डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के लिए संसद सदस्यों एवं राज्य विधानमंडल सदस्यों को शामिल किये जाने के बारे में।

(24) श्रीमती मंजुलता मण्डल द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी, एसईबीसी और ईडब्ल्यूएस

छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के बारे में।

(25) श्री कुंवर दानिश अली द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा भूमि प्रबंधन में कथित अनियमितताओं के बारे में।

(26) श्री प्रिंस राज द्वारा विकास योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित स्थानीय निकायों की बैठक में संसद सदस्यों द्वारा नामित प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(27) श्री हसनैन मसूदी द्वारा फसल बीमा योजना लागू करने और प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

(28) श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी द्वारा डीसी रेलगाड़ी को पुनः शुरू किए जाने और गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

अपराह्न 02.34 बजे

14. सरकारी विधेयक - पारित

जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023, संयुक्त समिति द्वारा यथाप्रतिवेदित।

आवंटित समय: 4 घंटे

लिया गया समय: 42 मिनट

श्री पीयूष गोयल द्वारा विधेयक पर विचार किए जाने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा अपराह्न 02.38 बजे स्थगित हुई और अपराह्न 03.00 बजे पुन: समवेत हुई।)

अपराह्न 03.00 बजे

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. श्री राजेन्द्र अग्रवाल
2. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती
3. श्री मलूक नागर

श्री पीयूष गोयल ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक खंड-वार विचार के लिए लिया गया।

खंड 2 स्वीकृत हुआ।

खंड 3 स्वीकृत हुआ।

खंड 4 स्वीकृत हुआ।

अनुसूची स्वीकृत हुई।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री पीयूष गोयल द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

15. अध्यक्षपीठ द्वारा विनिर्णय*

अध्यक्षपीठ ने 26 जुलाई, 2023 को एक सदस्य द्वारा उठाए गए व्यवस्था के प्रश्न पर अपना विनिर्णय दिया।

अपराह्न 03.39 बजे

16. सरकारी विधेयक - पारित

निरसन और संशोधन विधेयक, 2022 ।

आवंटित समय: 4 घंटे

लिया गया समय: 9 मिनट

* अपराह्न 03.02 बजे। मूल हिन्दी में। विवरण के लिए कृपया उस दिन का वाद-विवाद देखें।

श्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा विधेयक पर विचार किए जाने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया।

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया ने वाद-विवाद में भाग लिया।

अर्जुन राम मेघवाल ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक खंड-वार विचार के लिए लिया गया।

खंड 2 से 4 स्वीकृत हुए।

पहली अनुसूची, यथासंशोधित, स्वीकृत हुई।

दूसरी और तीसरी अनुसूची स्वीकृत हुई।

खंड 1, यथासंशोधित, स्वीकृत हुआ।

अधिनियमन सूत्र, यथासंशोधित, स्वीकृत हुआ।

विधेयक का पूरा नाम, यथासंशोधित, स्वीकृत हुआ।

अर्जुन राम मेघवाल द्वारा विधेयक, यथासंशोधित, को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक, यथासंशोधित, पारित हुआ।

अपराह्न 03.48 बजे

(व्यवधान के कारण, लोक सभा शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

उत्पल कुमार सिंह

महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023/ 6 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 237

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 121 लिया गया। तारांकित प्रश्न संख्या 121 का उत्तर सभा पटल पर रखा गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.02 बजे स्थगित हुई
और मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई)

तारांकित प्रश्न संख्या 122 से 140 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

2. **अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 से 1610 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3* अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी

अध्यक्ष ने सदस्यों से प्रश्न काल को सुचारु रूप से चलने देने की अपील की।

मध्याह्न 12.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता अधिनियम, 2021 की धारा 51 के अंतर्गत नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता (प्रशिक्षण संगठन प्रत्यायन) नियम, 2022 जो 13 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 178(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

---

* पूर्वाह्न 11.01 बजे। मूल हिन्दी में। विवरण के लिए कृपया उस दिन का वाद-विवाद देखें।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) भारतीय सामुद्रिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008 की धारा 47 की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना सं. आईएमयू/एचक्यू/एडीएम/अधिसूचना/2023/01 जो 6 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा भारतीय सामुद्रिक विश्वविद्यालय के परिनियम 7(1), 2020 के अध्यादेश सं. 02 और 2019 के अध्यादेश सं. 04 में संशोधन किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) (एक) भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, गौतमबुद्ध नगर के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, गौतमबुद्ध नगर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) उपर्युक्त (4) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी. सिंह बघेल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) सहायताप्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 44 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सहायताप्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी विनियम, 2023 जो 5 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 269(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) सहायताप्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी (विनियमन) संशोधन नियम, 2023 जो 11 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 493(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(2) सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 52 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सरोगेसी विनियम, 2023 जो 5 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.270(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) सरोगेसी (विनियमन) संशोधन नियम, 2023 जो 8 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.415(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) सरोगेसी (विनियमन) संशोधन नियम, 2023 जो 11 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.494(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(3) सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 की धारा 31 की उप-धारा (3) के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) संशोधन नियम, 2023, जो 31 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 400(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (6) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) औषधि (मूल्य नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2023 जो 11 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 2165(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) औषधि (मूल्य नियंत्रण) दूसरा संशोधन आदेश, 2023 जो 25 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 2324(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, गुड़गांव के वर्ष 2017-2018 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, गुड़गांव का वर्ष 2017-2018 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पुणे के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, पुणे का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, एस.ए.एस. नगर के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(5) उपर्युक्त (4) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रवीण पवार) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा आयुष मंत्रालय में राज्य मंत्री **(**डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई**)** ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान, शिलांग के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान, शिलांग के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

5. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त इस संदेश की सूचना दी कि राज्य सभा ने 27 जुलाई, 2023 को हुई अपनी बैठक में चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित कर दिया है।

6. राज्य सभा द्वारा यथापारित विधेयक - सभा पटल पर रखा गया

चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023

7*. अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के प्रतिवेदन

श्री राजेश वर्मा ने अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) रसायन और उर्वरक मंत्रालय (उर्वरक विभाग) से संबंधित 'मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल), ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) और फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावनकोर लिमिटेड (एफएसीटी) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' विषय के संबंध में समिति (2022-23) का 20वां प्रतिवेदन।

(2) श्रम और रोजगार मंत्रालय से संबंधित 'कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' विषय के संबंध में समिति (2022-23) का 21वां प्रतिवेदन।

8. विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री पी.पी. चौधरी ने 'भारत की सॉफ्ट पॉवर और सांस्कृतिक कूटनीति: संभावनाएं और सीमाएं' विषय के बारे में 16वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में विदेशी मामलों संबंधी समिति (17वीं लोक सभा) का 23वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

अपराह्न 12.03 बजे

9. मंत्री द्वारा वक्तव्य

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिए:-

(एक) रक्षा मंत्रालय से संबंधित थल सेना, नौसेना, वायु सेना, संयुक्त स्टाफ, एमईएस, ईसीएचएसऔर सैनिक स्कूलों (मांग सं. 20 और 21) संबंधी अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 27वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) रक्षा मंत्रालय से संबंधित रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय, खरीद नीति, रक्षा आयोजना और वैवाहिक आवास परियोजना (मांग सं. 21) संबंधी अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 28वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

---

* अपराह्न 12.02 बजे

(तीन) रक्षा मंत्रालय से संबंधित आयुध निदेशालय (समन्वय और सेवाएं) - नये डीपीएसयू, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर (मांग सं. 20 और 21) संबंधी अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 29वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

अपराह्न 12.04 बजे

10. संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा वक्तव्य

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने 31 जुलाई, 2023 से आरंभ हो रहे सप्ताह के लिए सरकारी कार्य के बारे में एक वक्तव्य दिया।

अपराह्न 12.07 बजे

11. सरकारी विधेयक - पुरःस्थापित

भारतीय प्रबंध संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2023 ।

अपराह्न 12.08 बजे

12. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे:-

(1) श्री राम कृपाल यादव ने बिहार में बिहटा अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के निर्माण में तेजी लाए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(2) श्री गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के दरभंगा जिले में एम्स का निर्माण कार्य आरम्भ किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(3) श्री कुलदीप राय शर्मा ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में चैथम द्वीप और बैम्बू फ्लैट द्वीप को जोड़े जाने हेतु एक पुल का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(4) एडवोकेट डीन कुरियाकोस ने इडुक्की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में रबड़ उद्योग को राजसहायता देना शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(5) डॉ. टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन ने मौजूदा नेशनल एग्जिट टेस्ट (एन. ईएक्स. टी.) को प्रतिस्थापित किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(6) डॉ. पोन गौतम सिगामणि ने सरकारी सेवाओं में भर्ती के लिए संघ की भर्ती एजेंसियों द्वारा सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को आपस में जोड़े जाने और उनमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(7) श्री बालाशौरी वल्लभनेनी ने मछलीपटनम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर आर.ओ.बी./आर.यू.बी. का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(8) डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने बदलापुर, अंबरनाथ और डोंबिवली रेलवे स्टेशनों पर ए.सी. लोकल ट्रेन सेवाएं शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(9) श्री दिलेश्वर कामैत ने बिहार के कोसी एवं सीमावर्ती क्षेत्र में रेल सेवाएं आरंभ किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(10) श्री सय्यद ईमत्याज जलील ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए कवरेज एवं सहायता प्रदान किए जाने और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित अधिनियमों पर फिर से विचार किए जाने के लिए उचित नीतियों को लागू किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

(11) श्री थोमस चाज़िकाडन ने कोट्टायम में पासपोर्ट सेवा केंद्र को पुन: शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखा।

अपराह्न 12.09 बजे

13. सरकारी विधेयक - पारित

खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023

आवंटित समय: 2 घंटे
लिया गया समय: 19 मिनट

श्री प्रहलाद जोशी द्वारा विधेयक पर विचार किए जाने के लिए प्रस्ताव पेश किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. श्री सुनील कुमार सिंह
2. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी

श्री प्रहलाद जोशी ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक खंड-वार विचार के लिए लिया गया।

खंड 2 से 8 स्वीकृत हुआ।

खंड 9 से 19 स्वीकृत हुआ।

खंड 20 स्वीकृत हुआ।

खंड 21 स्वीकृत हुआ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री प्रहलाद जोशी द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

अपराहन 12.28 बजे

14. सरकारी विधेयक - पारित

(एक) *राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023 ।*

(दो) *राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 ।*

आवंटित समय: 3 घंटे
लिया गया समय: 6 मिनट

डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा (एक) राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023 और (दो) राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 विधेयक पर विचार किए जाने के लिए प्रस्ताव पेश किए गए।

(एक) राष्ट्रीय परिचर्या और प्रसूति विद्या आयोग विधेयक, 2023 पर विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक खंड-वार विचार के लिए लिया गया।

खंड 2 से 57 स्वीकृत हुआ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

(दो) राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक, 2023 विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक खंड-वार विचार के लिए लिया गया।

खंड 2 से 59 स्वीकृत हुआ।

अनुसूची स्वीकृत हुई।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

अपराह्न 12.34 बजे

(व्यवधान के कारण, लोक सभा सोमवार, 31 जुलाई, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

उत्पल कुमार सिंह

महासचिव

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

सोमवार, 31 जुलाई, 2023/ 9 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 238

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. अध्यक्ष द्वारा उल्लेख*

अध्यक्ष ने मलावी गणराज्य की नेशनल असेंबली की स्पीकर माननीय सुश्री कैथरीन गोटानी हारा और भारत के दौरे पर आए मलावी के संसदीय शिष्टमंडल का सम्मानित अतिथिगण के रूप में स्वागत किया।

पूर्वाह्न 11.02 बजे

2. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 141 लिया गया। तारांकित प्रश्न संख्या 141 का उत्तर सभा पटल पर रखा गया। प्रश्न संख्या 142 और 143 के मौखिक उत्तर दिए गए।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.12 बजे स्थगित हुई
और अपराहन 2.00 बजे पुन: समवेत हुई)

तारांकित प्रश्न संख्या 144 से 160 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3. **अतारांकित प्रश्न**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1611 से 1840 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

---

* मूल हिन्दी में। विवरण के लिए कृपया उस दिन का वाद-विवाद देखें।

अपराहन 2.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

संसदीय कार्य मंत्री, कोयला मंत्री; और खान मंत्री (श्री प्रह्लाद जोशी) ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राव इंद्रजीत सिंह) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे :-

(1) कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 40 के अंतर्गत कंपनी सचिव (संशोधन) विनियम, 2023 जो 3 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 710/1(एम)/2 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) लागत और संकर्म लेखापाल अधिनियम, 1959 की धारा 40 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति ((हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

मंगलवार, 08 अगस्त, 2023 / 17 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 244

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 261 लिया गया। तारांकित प्रश्न संख्या 261 का उत्तर सभा पटल पर रखा गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.02 बजे स्थगित हुई और मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई)

तारांकित प्रश्न संख्या 262 से 280 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

2. अतारांकित प्रश्न

अतारांकित प्रश्न संख्या 2991 से 3220 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याहन 12.00 बजे

3. सभा पटल पर रखे गए पत्र

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) ने निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

(1) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड तथा भारी उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2023-2024 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(2) एण्ड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड तथा भारी उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2023-2024 के

लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(3) एण्ड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड तथा भारी उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2024-2025 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 20 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत, नई दिल्ली का वर्ष 2020-2021 का वार्षिक प्रतिवेदन।

(दो) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन पर की-गई-कार्रवाई का ज्ञापन।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल अधिनियम, 1992 की धारा 156 की उप-धारा (3) के अंतर्गत गृह मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, आयुधिक काडर (समूह 'ख' और 'ग' पद) भर्ती नियम, 2023 जो 31 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 404(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत किशनराव कराड़) ने वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) की ओर से संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

(1) संघ सरकार - वर्ष 2021-2022 के लिए विनियोग लेखे (डाक सेवाएं)।

(2) रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) - वर्ष 2021-2022 के लिए विनियोग लेखे भाग एक - समीक्षा, भाग दो - विस्तृत विनियोग लेखे और भाग दो - विस्तृत विनियोग लेखे (अनुलग्नक-छ)।

(3) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - भारत में चाय के विकास में भारतीय चाय बोर्ड की भूमिका के बारे में - वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (2023 का संख्यांक 8) (निष्पादन लेखापरीक्षा)।

(4) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - खादी और ग्रामोद्योग आयोग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन सहित विभागीय व्यापार इकाइयों के बारे में - सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (2023 का संख्यांक 9) (अनुपालन लेखापरीक्षा)।

(5) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार (सिविल) - राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की निष्पादन लेखापरीक्षा के बारे में - ग्रामीण विकास मंत्रालय (2023 का संख्यांक 10) (निष्पादन लेखापरीक्षा)।

(6) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार (सिविल) - आयुष्मान भारत की निष्पादन लेखापरीक्षा के बारे में - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (2023 का संख्यांक 11) (निष्पादन लेखापरीक्षा)।

(7) मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार (रेल) (रेल वित्त) (2023 का संख्यांक 13)।

(8) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - इंडियन कस्टम्स इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज सिस्टम (आईसीईएस) 1.5 की आईटी लेखापरीक्षा, राजस्व विभाग - अप्रत्यक्ष कर (सीमाशुल्क) (2023 का संख्यांक 14)।

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (सुश्री शोभा कारान्दलाजे) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) छठा संशोधन आदेश, 2023 जो 19 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.3240(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश, 1985 के खंड 20क के अनुसरण में, का.आ.3277(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से

तीन वर्ष की अवधि के लिए भारत में विनिर्माण किये जाने वाले फास्फो जिप्सम (ग्रेनुलर) के संबंध में, उसमें उल्लिखित विनिर्देशों को अधिसूचित किया गया है।

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 2 के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) ओडिशा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भुवनेश्वर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) ओडिशा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भुवनेश्वर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) जम्मू एण्ड कश्मीर एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) जम्मू एण्ड कश्मीर एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले तीन विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कैलाश चौधरी) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय कुमार) ने राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 की धारा 53 की उप-धारा (2) के अंतर्गत अधिसूचना सं. 23011/11/2023-डब्ल्यूएस-III जो 28 जुलाई, 2023 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा डॉ. जयंतकुमार मगनलाल व्यास के वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात् तीन वर्ष की और अवधि के लिए उनकी राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में नियुक्ति को अधिसूचित किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निशीथ प्रामाणिक) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

4. महिलाओं को शक्तियां प्रदान करने संबंधी समिति का प्रतिवेदन

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत ने 'जनजातीय महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं' विषय के बारे में महिलाओं को शक्तियां प्रदान करने संबंधी समिति (2022-23) का सातवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

---

5. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्री रमेश बिधूड़ी ने 'अनुदानों की मांगें 2023-24' के बारे में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति के अठारहवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई तथा 'बागजान विस्फोट घटना के विशिष्ट संदर्भ में सरकारी क्षेत्र की तेल कंपनियों के तेल प्रतिष्ठानों की संरक्षा और सुरक्षा' विषय के बारे में 19वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति (2022-23) का इक्कीसवां और बाईसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

---

6. रेल संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्री राधा मोहन सिंह ने रेल संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए :-

(एक) 'रेल मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में समिति के 14वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई' संबंधी पंद्रहवां प्रतिवेदन।

(दो) 'रेल भूमि विकास प्राधिकरण का कार्यनिष्पादन' विषय के बारे में सोलहवां प्रतिवेदन।

---

7. शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

श्री धर्मबीर सिंह ने शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:-

(एक) 'उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों 2023-24' के बारे में 348वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 352वां प्रतिवेदन।

(दो) 'मंचीय कला और ललित कला शिक्षा में सुधार' के बारे में 335वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 353वां

प्रतिवेदन।

(तीन) 'राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) की समीक्षा' संबंधी 354वां प्रतिवेदन।

(चार) 'स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में 349वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 355वां प्रतिवेदन।

अपराह्न 12.04 बजे

8. मंत्री द्वारा वक्तव्य

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिए:-

(1) भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 306वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 311वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 316वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(3) भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 316वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 319वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(4) भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 321वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

---

9. प्रस्ताव

श्री प्रहलाद जोशी ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया:-

"कि यह सभा 7 अगस्त, 2023 को सभा को प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 44वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

---

10. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त निम्नलिखित संदेशों की सूचना दी:-

(एक) कि राज्य सभा 7 अगस्त, 2023 को हुई अपनी बैठक में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023, लोक सभा द्वारा यथापारित, पर बिना किसी संशोधन के सहमत हुई।

(दो) कि राज्य सभा 7 अगस्त, 2023 को हुई अपनी बैठक में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2023, लोक सभा द्वारा यथापारित, पर बिना किसी संशोधन के सहमत हुई।

अपराह्न 12.05 बजे

11. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

1. श्री जय प्रकाश द्वारा रेलगाड़ी संख्या 09269/09270 का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर दिए जाने की आवश्यकता के बारे में।

2. श्री रामदास चन्द्रभानजी तडस द्वारा महाराष्ट्र में रेल सेवाओं का विस्तार किए जाने के बारे में।

3. श्री विनोद कुमार सोनकर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के अंतर्गत एक समान मजदूरी दिए जाने के बारे में।

4. श्री गोपाल चिनैय्या शेट्टी द्वारा मुंबई स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान को विकसित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

5. श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा आकाशवाणी केन्द्र शहडोल, मध्यप्रदेश से स्थानीय कार्यक्रमों का प्रसारण किए जाने के बारे में।

6. श्री जुगल किशोर शर्मा द्वारा जम्मू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चिनाब नदी के दोनों किनारों पर तटबन्ध का निर्माण किए जाने के बारे में।

7. श्री सुदर्शन भगत द्वारा गुमला में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

8. श्री विष्णु दयाल राम द्वारा कोयल नदी जलाशय परियोजना का निर्माण किए जाने और साथ ही मेदिनीनगर फेज-II में जल आपूर्ति योजना पर भी कार्य आरंभ किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

9. श्री राजू बिष्ट द्वारा शामिल नहीं की गई 11 गोरखा उप-जनजातियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

10. श्री अरुण कुमार सागर द्वारा शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण और विकास किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

11. श्री भोला सिंह द्वारा सहारा समूह के निवेशकों को पैसा वापस दिलाए जाने के बारे में।

12. श्री एस.एस.अहलुवालिया द्वारा गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध को हटाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

13. सुश्री देबाश्री चौधरी द्वारा रायगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सर्कल कार्यालय को प्रचालन में लाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

14. श्री अशोक कुमार रावत द्वारा मिश्रिख संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बांध का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

15. श्री कुनार हेम्ब्रम द्वारा झाडग्राम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित रेल संबंधी मुद्दों के बारे में।

16. श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल द्वारा बुन्देलखण्ड में खनन उद्योग एवं क्रशर प्लांट में कार्यरत श्रमिकों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता के बारे में।

17. श्री विजयकुमार *उर्फ* विजय वसंत द्वारा देश में खेलों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

18. श्री वी.वैथिलिंगम द्वारा ईपीएस 1995 के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन में संशोधन के बारे में।

19. श्री कुलदीप राय शर्मा द्वारा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में विद्युत आपूर्ति के बारे में।

20. श्री एस. ज्ञानतिरावियम द्वारा महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन अनुसंधान केंद्र के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

21. श्री खलीलुर रहमान द्वारा मुर्शिदाबाद जिले में शमशेरगंज और रघुनाथगंज-1 ब्लॉक में दो फ्लाईओवर बनाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

22. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की सब्सिडी प्राप्त योजनाओं के अंतर्गत किसानों द्वारा किए गए सब्सिडी दावों पर पुनर्विचार किए जाने के बारे में।

23. श्री सुनील कुमार द्वारा सप्त क्रांति एसएफ एक्सप्रेस (रेलगाड़ी सं. 12557/12558) में स्लीपर डिब्बों की संख्या बढ़ाए जाने और नई दिल्ली-सीतामढ़ी मार्ग पर इसी प्रकार की रेलगाड़ी चलाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

24. श्री एस. वेंकटेशन द्वारा एम्स, मदुरै के निर्माण कार्य को पूरा करने में तेजी लाए जाने की आवश्यकता के बारे में।

25. श्री मोहम्मद ई.टी.बशीर द्वारा जातिगत जनगणना की आवश्यकता के बारे में।

26. श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा कोल्लम में रेल स्वास्थ्य देखरेख इकाई के उन्नयन और विकास के बारे में।

अपराह्न 12.10 बजे

12. मंत्रिपरिषद में अविश्वास का प्रस्ताव

आवंटित समय : 12 घंटे
लिया गया समय : 5 घंटे 49 मिनट
शेष समय : 6 घंटे 11 मिनट

श्री गौरव गोगोई ने निम्नलिखित प्रस्ताव पेश किया :-

"कि यह सभा मंत्रिपरिषद में अपने विश्वास का अभाव व्यक्त करती है"।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. श्री निशिकांत दुबे
2. श्री टी.आर. बालू
3. प्रो. सौगत राय
4. श्रीमती सुप्रिया सुले
5. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे
6. श्रीमती डिम्पल यादव
7. श्री पिनाकी मिश्रा
8. श्री अरविंद सावंत

9. *श्री नारायण तातु राणे (हस्तक्षेप किया)
10. सरदार सिमरन जीत सिंह मान
11. श्रीमती सुनीता दुग्गल
12. डॉ. थोलकाप्पियन तिरुमावलवन
13. **श्री किरेन रिजीजू (हस्तक्षेप किया)
14. श्री मनीश तिवारी
15. श्रीमती नवनित रवि राणा
16. एडवोकेट ए.एम. आरिफ़
17. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन

चर्चा पूरी नहीं हुई।

अपराह्न 05.59 बजे

(लोक सभा बुधवार, 9 अगस्त, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

उत्पल कुमार सिंह

महासचिव

---

* सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

** पृथ्वी विज्ञान मंत्री

लोक सभा

समाचार - भाग1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

बुधवार, 09 अगस्त, 2023/18 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 245

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. *अध्यक्ष द्वारा उल्लेख

अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में 9 अगस्त, 1942 को शुरू किए गए 'भारत छोड़ो' आंदोलन की 81वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया।

उन्होंने 6 और 9 अगस्त 1945 को जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिराए जाने की 78वीं वर्षगांठ का दुखद उल्लेख भी किया।

तत्पश्चात्, सदस्यगण भारत के स्वतंत्रता सेनानियों की याद में और जापान में परमाणु बमों के शिकार हुए पीड़ितों के सम्मान में थोड़ी देर के लिए मौन खड़े रहे।

2. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 281, 284, 288, 290 से 294 और 297 के मौखिक उत्तर दिये गए। तारांकित प्रश्न संख्या 282, 283, 285, 286, 287, 289, 295, 296 और 298 से 300 लिए गए।

तारांकित प्रश्न संख्या 282, 283, 285 से 287, 289, 295, 296 और 298 से 300 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.43 बजे स्थगित हुई
और मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई)

3. अतारांकित प्रश्न

अतारांकित प्रश्न संख्या 3221 से 3450 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याहन 12.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

---

* मूल हिन्दी में। विवरण के लिए उस दिन का वाद-विवाद देखें।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह) ने अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम, 1951 की धारा 3 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

(1) अखिल भारतीय सेवाएं (छुट्टी) संशोधन नियम, 2023 जो 28 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 562(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(2) भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षाधीन की अंतिम परीक्षा) नियम, 2023 जो 19 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 377(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(3) भारतीय पुलिस सेवा (संवर्ग पद संख्या का नियतन) दूसरा संशोधन विनियम, 2023 जो 26 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 555(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(4) भारतीय पुलिस सेवा (वेतन) दूसरा नियम, 2023 जो 26 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 556(अ) में प्रकाशित हुए थे।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (6) के अंतर्गत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2023 जो 2 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.2423(अ) में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) ने भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2010 की धारा 36 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

(1) का.आ. 2409(अ) जो 2 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 24 फरवरी, 2012 की अधिसूचना सं. का.आ. 329(अ) का अतिलंघन किया गया है।

(2) का.आ. 2410(अ) जो 2 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील नानपारा, जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश, भारत, पिन कोड-271881 में स्थित रुपैडीहा भूमि पत्तन को "एकीकृत जांच चौकी" के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(3) का.आ. 2695(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील करीमगंज, जिला करीमगंज, असम, भारत, पिन कोड-788712 में स्थित सुत्तारकांडी भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(4) का.आ. 2696(अ) और 2697(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा तहसील सबरूम, जिला दक्षिण त्रिपुरा, त्रिपुरा, भारत, पिन कोड-799145 में स्थित सबरूम भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(5) का.आ. 2698(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील रक्सौल, जिला पूर्वी चम्पारण, बिहार, भारत, पिन कोड-845305 में स्थित रक्सौल भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(6) का.आ. 2699(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील पेट्रापोल, जिला 24 परगना, पश्चिम बंगाल, भारत, पिन कोड- 743405 में स्थित पेट्रापोल भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(7) का.आ. 2700(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील फारबिसगंज, जिला अररिया, बिहार, भारत, पिन कोड- 854238 में स्थित जोगबनी भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(8) का.आ. 2701(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील मोरेह, जिला तेंगानौपाल, मणिपुर, भारत, पिन कोड- 795131 में स्थित मोरेह भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(9) का.आ. 2702(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील डेरा बाबा नानक, जिला गुरदासपुर, पंजाब, भारत, पिन कोड- 143604 में स्थित डेरा बाबा नानक भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(10) का.आ. 2703(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील रामनगर, जिला पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा, भारत, पिन कोड- 799001 में स्थित अगरतला भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(11) का.आ. 2704(अ) जो 20 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा तहसील अटारी, जिला अमृतसर, पंजाब, भारत, पिन कोड- 143108 में स्थित अटारी भूमि पत्तन को एकीकृत जांच चौकी के रूप में अधिसूचित किया गया है।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) ने संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

(1) 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - वित्त तथा संचार (2023 का संख्यांक 16) (अनुपालन लेखापरीक्षा) ।

(2) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - स्वदेश दर्शन योजना के बारे में, पर्यटन

मंत्रालय (2023 का संख्यांक 17) (निष्पादन लेखापरीक्षा)।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया सिंह पटेल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे :-

(1) कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1985 की धारा 34 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (भर्ती) विनियम, 2022 जो दिनांक 13 जून, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ सं. एपीईडीए/पीएडी/2017-18/000044 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (भर्ती) संशोधन विनियम, 2022 जो दिनांक 23 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ सं. एपीईडीए/पीएडी/2017-18/000044 में प्रकाशित हुए थे।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम प्रकाश) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 16 की उप-धारा (2) के अंतर्गत जारी निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) फ्लेम-प्रोड्यूसिंग लाइटर्स (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023, जो 6 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.2986(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) वातानुकूलक और इसके संबंधित पुर्जे, हर्मेटिक कंप्रेशर और तापमान संवेदी नियंत्रण (गुणवत्ता नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2022, जो 21 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.5972(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) घरेलू उपयोग के लिए इंसुलेटेड फ्लास्क, बोतलें और कंटेनर (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023, जो 14 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.3140(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(चार) शीतलन उपकरण (गुणवत्ता नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2022, जो 14 दिसम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.5850(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(पांच) रेजिन ट्रीटेड कंप्रेस्ड वूड लेमिनेटेड (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023, जो 14 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.3139(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(छह) सेफ्टी ग्लास (गुणवत्ता नियंत्रण) संशोधन आदेश, 2023, जो 27 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.1431(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(सात) पेयजल बोतल (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2023, जो 6 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ.2988(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(2) उपर्युक्त (1) की मद सं. (दो) और (चार) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी.एल. वर्मा) ने बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की धारा 124 की उप-धारा (3) के अंतर्गत बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) नियम, 2023 जो 4 अगस्त, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 591(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी।

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री देवुसिंह चौहान) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 की धारा 74 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) भारतीय डाकघर (दूसरा संशोधन) नियम, 2023 जो 23 मई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.382(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) भारतीय डाकघर (तीसरा संशोधन) नियम, 2023 जो 28 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.462(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) भारतीय डाकघर (चौथा संशोधन) नियम, 2023 जो 31 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.566(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(2) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण निरसन विनियम, 2023, जो 25 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. आरपी-4/16/(24)/2021-क्यूओएस में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

5. राज्य सभा से संदेश

महासचिव ने राज्य सभा से प्राप्त निम्नलिखित संदेशों की सूचना दी :-

(एक) कि 1 अगस्त, 2023 को हुई अपनी बैठक में, राज्य सभा श्री सुखेंदु शेखर राय, जो 18 अगस्त, 2023 को राज्य सभा से सेवानिवृत हो रहे हैं, के स्थान पर सभा की लोक लेखा समिति के कार्यकाल के समाप्त न हुए भाग के लिए, समिति के साथ सहयोजित होने के लिए राज्य सभा से एक सदस्य को

नामनिर्दिष्ट करने के लिए लोक सभा की सिफ़ारिश पर सहमत हुई और श्री डेरेक ओ'ब्रायन जो उक्त समिति के लिए चुने गए थे, का नाम भी सूचित किया।

(दो) कि 8 अगस्त, 2023 को हुई अपनी बैठक में, राज्यसभा लोकसभा द्वारा पारित अंतर-सेना संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023 पर बिना किसी संशोधन के सहमत हुई।

(तीन) कि 8 अगस्त, 2023 को हुई अपनी बैठक में, राज्यसभा लोकसभा द्वारा पारित भारतीय प्रबंध संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2023 पर बिना किसी संशोधन के सहमत हुई।

6. याचिका समिति के प्रतिवेदन

श्री हरीश द्विवेदी ने याचिका समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए :-

(एक) टीटागढ़ वैगन्स लिमिटेड द्वारा भुगतान जारी करने के अनुरोध के संबंध में श्री उमाकांत मिश्रा के अभ्यावेदन के बारे में 49वां प्रतिवेदन।

(दो) पीएसीएल लिमिटेड के निवेशकों की धन वापसी में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के कथित मनमाने व्यवहार के संबंध में श्री गौरव कुमार सोनी और अन्य के अभ्यावेदन के बारे में 50वां प्रतिवेदन।

(तीन) उत्तर-पूर्वी राज्यों, विशेषकर मेघालय और असम में वन भूमि के अतिक्रमण और उससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में श्री फिलिपसन के अभ्यावेदन के बारे में 51वां प्रतिवेदन।

(चार) नवोदय विद्यालय समिति/जवाहर नवोदय विद्यालय (*पूर्ववर्ती* आदर्श विद्यालय) में 1 जनवरी, 2004 से पहले अपनी सेवाएं शुरू करने वाले कर्मचारियों को केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के अंतर्गत शामिल किए जाने के अनुरोध के बारे में संसद सदस्यों द्वारा अग्रेषित सर्वश्री योगेंद्र शर्मा, राहुल सिंह, योगेंद्र भक्त, एस. कन्नन, श्रीमती के. मंजुला और अन्य व्यक्तियों/संघों के अभ्यावेदन के बारे में अपने 32वें प्रतिवेदन में याचिका समिति (सत्रहवीं लोक सभा) द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 52वां प्रतिवेदन।

(पांच) पर्यावरणीय विधियों के अनुपालन और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी)/तटरक्षक बल के साथ प्रभावी संपर्क के लिए ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा विशेषज्ञ कार्मिकों को नियोजित करने की आवश्यकता के बारे में श्री विक्रम के अभ्यावेदन पर याचिका समिति के 39वें प्रतिवेदन में समिति (सत्रहवीं लोक सभा) द्वारा की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 53वां प्रतिवेदन।

7. अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के प्रतिवेदन

श्री बालाशौरी वल्लभनेनी ने अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के दसवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी तीसवां प्रतिवेदन।

(2) अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के पंद्रहवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी इकतीसवां प्रतिवेदन।

8. कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री पी.सी. गद्दीगौदर ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि और किसान कल्याण विभाग) से संबंधित 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) - एक मूल्यांकन' विषय के बारे में कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2022-23) का 59वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) (सत्रहवीं लोक सभा) प्रस्तुत किया।

9. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्रीमती लॉकेट चटर्जी ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग) से संबंधित ' भारत में चीनी उद्योग - एक समीक्षा' विषय के बारे में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति (2022-2023) का 32वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

10. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के विवरण

श्रीमती लॉकेट चटर्जी ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति (2022-2023) के निम्नलिखित की-गई-कार्रवाई प्रतिवेदनों के अध्याय एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई और अध्याय पांच के संबंध में अंतिम उत्तरों को दर्शाने वाले अंतिम की-गई-कार्रवाई विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखे:-

(1) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग) से संबंधित 'भारतीय खाद्य निगम द्वारा खाद्यान्नों की खरीद, भण्डारण और वितरण' विषय के बारे में तेरहवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी इक्कीसवां प्रतिवेदन।

(2) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में अठारहवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी बाईसवां प्रतिवेदन।

(3) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले विभाग) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में उन्नीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर

सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी तेईसवां प्रतिवेदन।

(4) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग) से संबंधित 'गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ (क्यूसीसी)' विषय के बारे में बीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी छब्बीसवां प्रतिवेदन।

11. जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल ने जल शक्ति मंत्रालय - जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में बीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी चौबीसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

12. जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल ने जल शक्ति मंत्रालय - पेयजल और स्वच्छता विभाग की 'अनुदानों की मांगों (2022-23)' के बारे में सोलहवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी उन्नीसवें प्रतिवेदन पर सरकार द्वारा आगे की-गई-कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखा।

13. रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति के प्रतिवेदन

डॉ. शशि थरूर ने रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए :-

(एक) उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'उर्वरक उत्पादन के लिए योजना तथा जीएसटी और उन पर आयात शुल्क सहित उर्वरक आयात नीति' विषय के बारे में 43वां प्रतिवेदन।

(दो) उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'यूरिया राजसहायता योजना जारी रखने की आवश्यकता सहित उर्वरक राजसहायता नीति और मूल्य निर्धारण मामले' विषय के बारे में 44वां प्रतिवेदन।

अपराह्न 12.06 बजे

14. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(1) वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) ने वित्त मंत्री; तथा कारपोरेट कार्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण) की ओर से आर्थिक मामले, व्यय, वित्तीय सेवाएं, लोक उद्यम और निवेश तथा लोक आस्ति

प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में वित्त संबंधी स्थायी समिति के 54वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य दिया।

(2) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिए:-

(एक) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-2021) के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 328वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में समिति के 336वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) अंतरिक्ष विभाग से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 345वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में समिति के 355वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(तीन) अंतरिक्ष विभाग से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति के 362वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में समिति के 370वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(3) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति) ने खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) के बारे में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के 24वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य दिया।

(4) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया सिंह पटेल) ने निम्नलिखित के बारे में वक्तव्य दिया:-

(एक) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबंधित 'विशेष रूप से दार्जिलिंग क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग को प्रभावित करने वाले मुद्दें' के बारे में वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति के 171वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) (मांग सं. 10) के बारे में वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति के 167वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के संबंध में सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति के 174वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

अपराह्न 12.09 बजे

15. नियम 377 के अधीन मामले

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने वक्तव्य सभा पटल पर रखे-

1) श्री मोहनभाई कल्याणजी कुंडारिया द्वारा गुजरात के राजकोट में समर्पित एमएसएमई भवन की स्थापना के बारे में।
2) श्री जयंत सिन्हा द्वारा झारखंड में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में तेजी लाए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
3) श्रीमती क्वीन ओझा द्वारा गुवाहाटी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में परामर्श केन्द्र तथा मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना किए जाने के बारे में।
4) डॉ. रमापति राम त्रिपाठी द्वारा देवरिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सब्जी खरीद केन्द्र स्थापित किए जाने और सब्जियों के ढुलाई के लिए रेल सुविधा प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
5) श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा कपास की गट्ठियों पर क्यूसीओ बीआईएस प्रमाणन को हटाए जाने के बारे में।
6) श्री परबतभाई सवाभाई पटेल द्वारा पालनपुर-गांधीधाम रेल खंड पर चलने वाली रेलगाड़ियों का भाभर रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
7) श्रीमती रमा देवी द्वारा बिहार में आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता के बारे में।
8) डॉ. ढाल सिंह बिसेन द्वारा देश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
9) श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा भरूच संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित रासायनिक कारखानों से जहरीली गैस के बार-बार रिसाव के कारण लोगों को होने वाली समस्याओं के बारे में।
10) श्री संजय सेठ द्वारा पत्थरबाजों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
11) श्री नारणभाई भीखाभाई काछड़िया द्वारा अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।
12) श्री मुकेश राजपूत द्वारा फर्रुखाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सैनिक विद्यालय खोले जाने की आवश्यकता के बारे में।
13) श्री सुरेश पुजारी द्वारा बारगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पीएम आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के बैंक खातों में निधियों का अंतरण सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
14) श्री एल.एस.तेजस्वी सूर्या द्वारा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से जन औषधि दवाओं की बिक्री और खरीद को विनियमित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
15) श्री अक्षयवर लाल द्वारा रेलगाड़ी सं. 14213/14214 का बहराइच से बनारस के मध्य परिचालन फिर से शुरू किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
16) श्रीमती रीती पाठक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के सीधी-सिंगरौली खंड के सुधार के बारे में।
17) श्री सुरेश कोडिकुन्नील द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, कोट्टारक्कारा के तत्काल संचालन के लिए अनुमति प्रदान किए जाने के बारे में।
18) श्री एस. जगतरक्षकन द्वारा तमिलनाडु में बुनाई उद्योग के सामने आ रही समस्याओं के बारे में।
19) श्रीमती प्रतिमा मण्डल द्वारा अपशिष्ट टायरों के पुनरावर्तन के लिए नीति के बारे में।
20) श्री एन. रेड्डप्प द्वारा भगोड़े आर्थिक अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अन्य देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियों को

सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

21) श्री विनायक भाऊराव राऊत द्वारा रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में फर्जी जीएसटी नोटिस जारी करने के मामलों की जांच किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

22) श्री चन्द्र शेखर साहू द्वारा ओडिशा में ऊर्जा क्षेत्र को प्रोत्साहन दिए जाने के बारे में।

23) श्रीमती संगीता आजाद द्वारा उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले को सूखाग्रस्त घोषित किए जाने और लालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के किसानों की शिकायतों का निवारण किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

24) श्री श्रीनिवास केसिनेनी द्वारा विजयवाड़ा में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज परियोजना को पूरा किए जाने की आवश्यकता के बारे में।

25) श्री हसनैन मसूदी द्वारा जम्मू-कश्मीर में दिहाड़ी मजदूरों की दुर्दशा के बारे में।

26) श्री हनुमान बेनीवाल द्वारा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

27) सुश्री अगाथा के. संगमा द्वारा महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध के लिए कड़ी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

अपराह्न 12.09 बजे

16. मंत्रिपरिषद में अविश्वास का प्रस्ताव

आवंटित समय : 12 घंटे
लिया गया समय : 12 घंटे 50 मिनट

श्री गौरव गोगोई द्वारा 8 अगस्त, 2023 को पेश किए गए निम्नलिखित प्रस्ताव पर आगे विचार आरंभ हुआ:-

"कि यह सभा मंत्रिपरिषद में अपने विश्वास का अभाव प्रकट करती है"।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया:-

1. श्री राहुल गांधी
2. *श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी (हस्तक्षेप किया)
3. श्री पी.वी. मिधुन रेड्डी
4. श्री राजीव रंजन सिंह *उर्फ* ललन सिंह
5. श्री राम कृपाल यादव

* महिला और बाल विकास मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

6. डॉ. काकोली घोष दस्तीदार
7. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि
8. श्री नामा नागेश्वर राव
9. श्री के. सुब्बारायण
10. श्रीमती हरसिमरत कौर बादल
11. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत
12. डॉ. फारूख़ अब्दुल्ला
13. **श्रीमती अनुप्रिया पटेल (हस्तक्षेप किया)
14. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर
15. श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी
16. # श्री अमित शाह (हस्तक्षेप किया)

चर्चा पूरी नहीं हुई।

तत्पश्चात, अध्यक्ष ने #श्री अमित शाह द्वारा किए गए अनुरोध पर सभा की ओर से मणिपुर में समुदायों की बीच शांति कायम रखने के बारे में संकल्प$ किया:-

सायं 07.10 बजे

(लोक सभा गुरुवार, 10 अगस्त, 2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

उत्पल कुमार सिंह
महासचिव

** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
# गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री
$ मूल हिन्दी में। विवरण के लिए उस दिन का वाद-विवाद देखें।

लोक सभा

समाचार - भाग1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृत्तांत)

गुरुवार, 10 अगस्त, 2023/19 श्रावण, 1945 (शक)

संख्या 246

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. निधन संबंधी उल्लेख

अध्यक्ष ने श्री कल्याण जैन, छठी लोक सभा के सदस्य; श्री बापूसाहेब परुलेकर, छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य; श्री वक्कोम पुरूषोत्तमन, आठवीं और नौवीं लोक सभा के सदस्य; श्री जनार्दन प्रसाद मिश्र, दसवीं और बारहवीं लोक सभा के सदस्य; और श्री राम सिंह यादव, सातवीं और आठवीं लोक सभा के सदस्य के निधन के संबंध में उल्लेख किया।

तत्पश्चात् सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

पूर्वाह्न 11.05 बजे

2. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 301 का मौखिक उत्तर दिया गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.18 बजे स्थगित हुई
और मध्याह्न 12.00 बजे पुन: समवेत हुई)

तारांकित प्रश्न संख्या 302 से 320 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

3. अतारांकित प्रश्न

अतारांकित प्रश्न संख्या 3451 से 3680 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याहन 12.00 बजे

4. सभा पटल पर रखे गए पत्र

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा 10 के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 3177(अ) जो 14 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में एन.एच.-561ए के पंढारपुर-मंगलवैढा-मारवाडे-उमाडी खंड की पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(दो) का.आ. 3178(अ) जो 17 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में एन.एच.-160 के कुसुंबा से मालेगांव खंड की 2एलपीएस/4 लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(तीन) का.आ. 3183(अ) जो 17 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में एन.एच.-953 के सारड-वानी-पिंपलगांव खंड की 2एलपीएस/4 लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(चार) का.आ. 3270(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य में एन.एच.-75 (पुराना एन.एच.-234) के मंगलोर-तिरूवन्नामलाई की पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(पांच) का.आ. 3271(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा महाराष्ट्र राज्य में एन.एच.-347ए के तालेगांव से गोनापुर की 2एलपीएस/4 लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(छह) का.आ. 3272(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा गुजरात राज्य में एन.एच.-41 के कांडला से मुदरा खंड की चार और उससे अधिक लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(सात) का.आ. 3273(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में एन.एच.-44 (पुराना एन.एच.-26) के ललितपुर-सागर-लाखनादोन खंड की चार लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(आठ) का.आ. 3275(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा भारतमाला परियोजना के अंतर्गत ईपीसी मोड में राजस्थान राज्य में पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे एन.ई.-4 की आठ लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(नौ) का.आ. 3276(अ) जो 21 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में एन.एच.-709ए के मेरठ से हरियाणा/उ.प्र. सीमा खंड की चार और उससे अधिक लेन परियोजना के लिए प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचित किया गया है।

(2) वायुयान अधिनियम, 1934 की धारा 14क के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नागर विमानन मंत्रालय (विमान प्रचालनों की सुरक्षा के लिए ऊंचाई प्रतिबंध) संशोधन नियम, 2023 जो 24 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 531(अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) वायुयान (भवनों और वृक्षों आदि द्वारा कारित बाधाओं का उन्मूलन) (संशोधन) नियम, 2023 जो 13 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 291(अ) में प्रकाशित हुए थे तथा एक व्याख्यात्मक टिप्पण।

(3) विमानवहन अधिनियम, 1972 की धारा 8क की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 3129(अ) जो 29 अगस्त, 2019 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा निदेशित किया गया है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से उक्त अधिनियम की धारा 4क की उप-धारा (1) और (4) तथा धारा 5 के उपबंध तथा विमानवहन अधिनियम, 1972 की तीसरी अनुसूची में अंतर्विष्ट नियम उसमें उल्लिखित अपवादों, अभिस्वीकरणों और उपांतरणों के अध्यधीनसभी विमानवहन पर लागू होंगे, जोअंतर्राष्ट्रीय विमानवहन नहीं होंगे, जैसा कि उक्त तीसरी अनुसूची में परिभाषित किया गया हैतथा एक व्याख्यात्मक टिप्पण।

(दो) का.आ. 2159(अ) जो 21 जून, 2016 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से विमानवहन अधिनियम, 1972 की तीसरी अनुसूची में, उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक टिप्पण।

(तीन) का.आ. 987(अ) जो 5 मार्च, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से विमानवहन अधिनियम, 1972 की तीसरी अनुसूची में, उसमें उल्लिखित, कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक टिप्पण।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले तीन विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार (वाणिज्यिक) - दक्षिण भारत में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पथकर प्रचालनों के बारे में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय(2023 का संख्यांक 7) (अनुपालन लेखापरीक्षा), की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 59 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) :-

(एक) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (सेल्फ-बैलास्टेड एलईडी लैम्पों के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) विनियम, 2023 जो 23 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या बीईई/एसएण्डएल/एलईडी/52/2023 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (ट्यूब्यूलर फ्लोरेसेंट लैम्पों के लेबलों पर विवरण और उनके प्रदर्शन की रीति) (विनियम), 2023 जो 22 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या बीईई/एसएण्डएल/टीएफएल/22-23 में प्रकाशित हुए थे।

(2) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 179 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली तक संयोजकता और सामान्य नेटवर्क पहुंच) (पहला संशोधन) विनियम, 2023, जो 6 अप्रैल, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ.सं. एल-1/261/2021/सीईआरसी. में प्रकाशित हुए थे।

(दो) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2023, जो 12 जून, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सीईए-पीएस-16/1/2021-सीईआई प्रभाग में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) विद्युत (दूसरा संशोधन) नियम, 2023, जो 26 जुलाई, 2023 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.558(अ) में प्रकाशित हुए थे।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) ने संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

